


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 31 जुलाई 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 185 | मूल्य - 5 रुपये






## मध्यप्रदेश के दतिया उपचुनाव में करीब 72 प्रतिशत मतदान, अब परिणाम का इंतजार..

**दतिया, (भाषा)।**

***मध्यप्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, इस दौरान 71.44 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान के बाद सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है, लेकिन चुनाव परिणाम तीन अगस्त को मतगणना के बाद स्पष्ट होंगे।***

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ और शाम छह बजे समाप्त हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी और दतिया के जिलाधिकारी स्वप्निल वानखड़े ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं और लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया। उन्होंने कहा, ''मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। वानखड़े ने बताया कि कहीं से कोई शिकायत या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में दतिया सीट पर अब तक का सर्वाधिक 80.20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

### सुरक्षा रुप में रखी गई ईवीएम..

वानखड़े ने बताया कि सभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को सशस्त्र सुरक्षाबलों की निगरानी में पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। उन्होंने फर्जी मतदान की शिकायतों को भी खारिज किया। हालांकि उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के बसई इलाके में सड़क की मांग को लेकर मतदान बहिष्कार का एक मामला सामने आया था, जिसे प्रशासन ने लोगों को समझाकर समाप्त करा दिया। इसके बाद संबंधित मतदान केंद्र पर भी सफलतापूर्वक मतदान हुआ।

अधिकारियों के अनुसार, दतिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 291 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां 2,20,344 मतदाता 21 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 186 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में और 105 शहरी क्षेत्रों में थे। कुल मतदाताओं में 1,16,088 पुरुष और 1,04,246 महिलाएं शामिल हैं। मतदान को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहे। सुरक्षा के लिए केंद्रीय और राज्य बलों की 16 कंपनियां तैनात की गई थीं। शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के लिए नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया था।

पुलिस ने दूसरे जिलों से लगी सीमाओं पर भी सघन जांच अभियान चलाया।

### कांग्रेस ने लगाया आरोप..

इस बीच, कांग्रेस ने मतदान के दौरान सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो साझा करते हुए दावा किया कि रामसागर के मतदान केंद्र क्रमांक 51 से कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को बिना कारण बताए पुलिस अपने साथ ले गई, ताकि निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया प्रभावित हो सके। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इन आरोपों के बारे में पूछे जाने पर जिलाधिकारी वानखड़े ने कहा कि किसी भी पोलिंग एजेंट के साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र से कुछ दूरी पर खड़े कुछ लोगों को हटाया गया था, जिनमें भाजपा और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल थे।

### इनके बीच है कड़ा मुकाबला..

दतिया सीट पर मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आशुतोष तिवारी और कांग्रेस के घनश्याम सिंह के बीच माना जा रहा है। आजाद समाज पार्टी ने दामोदर सिंह यादव को मैदान में उतारा है, जो मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इनके अलावा 18 अन्य उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के बाद सभी प्रमुख उम्मीदवारों ने अपनी जीत का दावा किया। पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी मतदान किया और भाजपा उम्मीदवार की जीत का विश्वास जताया। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने मतदान के बाद कहा कि उन्हें क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और कांग्रेस की जीत निश्चित है। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और कहा कि जनता विकास एवं सुशासन के पक्ष में मतदान करेगी। आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार दामोदर सिंह यादव ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मतदान शांतिपूर्ण रहा।

### बोले जीतु पटवारी..

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि लोकतंत्र की जीत के लिए कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता मैदान में डटे हैं और दतिया ने ''सरकारी अराजकता'' का जवाब देने का मन बना लिया है। इस उपचुनाव के परिणाम का राज्य सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन भाजपा द्वारा पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को टिकट नहीं दिए जाने के कारण दतिया सीट पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।




## नागपुर में सावनेर निवासी दो सगे भाइयों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की..



**नागपुर, (भाषा)।**

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में बृहस्पतिवार को दो भाइयों ने कथित तौर पर मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 10 बजे सावनेर थाना क्षेत्र के मंगांव गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि सावनेर निवासी निरंजन लक्ष्मण फिरके (40) और योगेश लक्ष्मण फिरके (37) नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर चलने वाली एक मालगाड़ी के आगे कूद गए। अधिकारी के अनुसार, ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी सूचना सावनेर स्टेशन मास्टर को दी, जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस के कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजन को सौंप दिए गए। निरंजन फिरके के परिवार में उसकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं, जबकि योगेश फिरके अपने पीछे पत्नी और एक बेटे को छोड़ गया है।




## बालाघाट जिले के वारासिवनी में शिक्षक के बेटे का फांसी पर लटका मिला शव..

### पुलिस जांच में जुटी.. परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल..

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***बालाघाट जिले के वारासिवनी थाना क्षेत्र में 30 जुलाई को शिक्षक के पुत्र 18 वर्षीय कृष्णा ऐरपुड़े का फांसी पर लटका शव मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत***

वारा के वार्ड नंबर 19 स्थित कैलाश नगर शिवधाम मोहल्ले के निवासी शिक्षक नंदकिशोर ऐरपुड़े जो कि बैहर के एक सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं, उनके घर में पुत्र कृष्णा ने अपने घर में पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। घटना के समय परिवार के सदस्य अपने पैतृक गांव कचेखानी गए हुए थे। गुरुवार को जब कृष्णा के माता-पिता और बहन जानवी ऐरपुड़े घर लौटे, तो जानवी ने खिड़की से अंदर देखा और कृष्णा को फांसी पर लटका पा, तो कोहराम मच गया। बहन और परिवारजनों ने का रो रोकर बुरा हाल हो गया, जबकि सूचना मिलने पर वारासिवनी पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने परिजन के बयान दर्ज किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। वारासिवनी पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।






कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# चांवल घोटाले को लेकर अब विधायक अनुभा मुंजारे ने पुलिस कार्यवाही को लेकर उठाए सवाल, लगाए आरोप..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पुरे भारत में इन दिनों चांवल घोटाला, डबल मनी कांड को लेकर बालाघाट जिला चर्चा में छाया हुआ है। विशेषकर इस मामले में चूंकि भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के भाई राजकुमार कावरे और उनके पार्टनर द्वारा भी एथेनॉल प्लांट से चांवल खरीदा गया था, तथा इस मामले में पुलिस कार्यवाही में विनोद शर्मा को गिरफ्तार तो किया गया है, लेकिन राजकुमार कावरे को गिरफ्तार नहीं किया***

गया है, जिससे कि कांग्रेस को भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे को घेरने का मौका मिल गया है। साफ तौर पर भले ही रामकिशोर कावरे का कारोबार से कोई लेना देना नहीं हो, लेकिन कांग्रेस जिसमें विशेषकर अनुभा मुंजारे भी रामकिशोर कावरे पर हमले का कोई मौका नहीं छोड़ते हुए 30 जुलाई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जमकर बिफरी, और अनुभा मुंजारे ने पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की कार्यवाही को पक्षपातपूर्ण तथा सत्ता के दबाव में की जाने वाली कार्यवाही बताया।

## आखिरकार मुख्य आरोपी क्यों है पुलिस की पकड़ से दूर..

अनुभा मुंजारे ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि छोटे-छोटे मामलों में आरोपी पकड़ने के बाद पुलिस उनका जुलूस निकालती है, लेकिन करोड़ों रुपये के इस कथित घोटाले में न तो मुख्य आरोपियों के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं और न ही उनके खिलाफ वैसी कार्रवाई दिखाई दे रही है। अनुभा मुंजारे ने कहा कि भाजपा से जुड़े कुछ नेता अपने परिवार और रिश्तेदारों को बचाने के लिए बड़े नेताओं के संपर्क में हैं। विधायक ने कहा कि यदि पुलिस जल्द ही मुख्य आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करती है तो कांग्रेस पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करेगी और सड़क पर उतरकर बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

## भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

प्रेस वार्ता में अनुभा मुंजारे ने भाजपा सरकार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों में भाजपा सरकार आगे है तथा गरीबों के हक पर डाका डालने का काम भाजपा नेताओं द्वारा किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि चावल घोटाले में एथेनॉल से जुड़े पहलुओं के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है, जिसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिये, बल्कि एसआईटी नहीं सीबीआई की जांच होनी चाहिये।

## रमेश भटेरे से पूछताछ की जानी चाहिये..

प्रेस वार्ता में अनुभा मुंजारे ने बहुचर्चित डबल मनी प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व विधायक रमेश भटेरे के पीएसओ के पास डबल मनी मामले के कथित मास्टरमाइंड सोमेंद्र कंकरायने की लग्जरी कार होने की बात सामने आई थी, जिसे पुलिस ने जब्त भी किया है। इस मामले में पहले भी रमेश भटेरे का नाम आते रहा है, तथा डबल मनी मामले में जिस तरह से रमेश भटेरे का नाम सामने आ रहा है, पुलिस को रमेश भटेरे से भी पुछताछ करना चाहिये। यदि निष्पक्ष जांच हुई तो डबल मनी मामले में और नाम सामने आ सकते हैं।

# मॉयल के नए निदेशक (उत्पादन एवं योजना) के लिए रविन्द्र गट्टूवार का चयन, कर्मचारियों में खुशी की लहर



जगप्रेरणा भरवेली (बालाघाट)।

***भारत सरकार के मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम मॉयल लिमिटेड में निदेशक (उत्पादन एवं योजना) पद के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया में महाप्रबंधक (माइनिंग), मलाजखंड कॉपर प्रोजेक्ट में कार्यरत रविन्द्र गट्टूवार का चयन किया***

गया है। इस महत्वपूर्ण पद के लिए विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों से कुल 12 वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की थी, जिनमें से श्री गट्टूवार का चयन उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, तकनीकी अनुभव और खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के आधार पर किया गया। रविन्द्र गट्टूवार इससे पूर्व लगभग 12 वर्षों तक मॉयल लिमिटेड में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान उत्पादन वृद्धि, आधुनिक खनन तकनीकों के उपयोग तथा संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। खनन क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उनके चयन को मॉयल के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। उनके चयन की खबर मिलते ही मॉयल लिमिटेड के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगारों में खुशी की लहर दौड़ गई। भरवेली, बालाघाट सहित मॉयल की विभिन्न इकाइयों से जुड़े कर्मचारियों ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए श्री गट्टूवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कर्मचारियों का मानना है कि श्री गट्टूवार के नेतृत्व में मॉयल लिमिटेड उत्पादन, योजना निर्माण और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उनके अनुभव का लाभ न केवल कंपनी के संचालन को मिलेगा, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं को भी नई दिशा मिलेगी। मॉयल परिवार ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में कंपनी निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी।

# पीजी कॉलेज में मानसिक सशक्तिकरण, डिजिटल वेलनेस एवं जीवन मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित






जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में गुरुवार को ब्रह्माकुमारीज उपवन के तत्वावधान में सार्वभौमिक जीवन मूल्य जागृति अभियान के***

अंतर्गत मानसिक सशक्तिकरण, डिजिटल वेलनेस, व्यसन मुक्ति एवं जीवन मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजऋषि चोपड़ा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज एक वैश्विक आध्यात्मिक संस्था है, जो राजयोग ध्यान, मानवीय मूल्यों के विकास तथा विश्व शांति के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराते हुए आत्म-जागरूकता और मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रह्माकुमारी उर्वशी दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से मानव जीवन में नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच एवं आत्मिक चेतना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के विचार ही उसके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, इसलिए सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बनाना चाहिए। कार्यक्रम में माधुरी बेन दीदी ने जीवन मूल्यों एवं संस्कारों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजयोग और ध्यान के माध्यम से आत्म-जागरूकता बढ़ती है तथा व्यक्ति तनावमुक्त, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त करता है। महाविद्यालय के गणित विभाग के डॉ. योगेश विजयवार ने भी योग, ध्यान एवं जीवन मूल्यों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों से इन मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, भारतीय ज्ञान परंपरा नोडल अधिकारी डॉ. कंचन मसराम एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रचना कोरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे, डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे, प्रो. चित्रमाला भीमटे, प्रो. सविता गेड़ाम सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे ने किया।

# जामिया नूरिया मदरसा में अरशद खान बने हाफ़िज़-ए-कुरआन, नए तामीरी मरहले में तआवुन की अपील..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***शहर का मक़बूल दीनी इदारा मदरसा जामिया नूरिया एक बार फिर ख़ुशी के माहौल का गवाह बना, जब भरवेली निवासी मज़दूर अमजद खान के फ़रज़ंद अरशद खान ने क़ुरआन-ए-पाक का मुकम्मल हिफ़्ज़ कर हाफ़िज़-ए-क़ुरआन होने का शरफ़ हासिल किया।***

इस मुबारक मौक़े पर मदरसे में एक सादा मगर पुरअसर इस्तक़बाली तक़रीब का एहतिमाम किया गया, जिसमें उलमा-ए-किराम, समाजसेवी, मदरसे के असातिज़ा, तलबा और अरशद खान के अहले-ख़ानदान ने शिरकत कर उन्हें मुबारकबाद पेश की। मदरसा जामिया नूरिया वर्ष 1986 से बालाघाट में दीनी तालीम की ख़िदमत अंजाम दे रहा है। अब तक यहां से सैकड़ों तलबा हाफ़िज़-ए-क़ुरआन बनकर मुल्क के मुख़्तलिफ़ हिस्सों में मसाजिद में इमामत कर रहे हैं, जबकि कई मदरसों में उस्ताद बनकर नई नस्ल की दीनी तरबियत कर रहे हैं। वक़्त के तक़ाज़ों को देखते हुए मदरसे में दीनी तालीम के साथ-साथ हिन्दी, इंग्लिश और कम्प्यूटर तालीम पर भी ख़ास तवज्जो दी जा रही है, ताकि बच्चे दीन और दुनिया दोनों की तालीम से आरास्ता हो सकें। बताया गया कि अरशद खान की तालीम के दौरान आने वाले तमाम अख़राजात मज़हर भाई ने ख़िदमत-ए-ख़ल्क़ के जज़्बे के तहत उठाए। इस नेक अमल की मौजूदीन ने भरपूर सराहना करते हुए इसे समाज के लिए मिसाली क़दम बताया।

तक़रीब को ख़िताब करते हुए शहर क़ाज़ी मौलाना हबीब नूरी, मुफ़्ती आफ़ताब अहमद, हाफ़िज़ मोहम्मद असलम, मौलाना अब्दुल अज़ीज़, हाजी अब्दुल जलील, हाजी यूनुस मेमन, ठेकेदार रईस अंसारी तथा लियाक़त अली ने क़ुरआन-ए-पाक के हिफ़्ज़ की फ़ज़ीलत, उसकी मुश्किलात और एक हाफ़िज़-ए-क़ुरआन की इस्लामी समाज में अहमियत पर तफ़सील से रोशनी डाली। वक्ताओं ने कहा कि जिस ख़ानदान में एक हाफ़िज़-ए-क़ुरआन होता है, वह पूरे परिवार के लिए फ़ख़्र और रहमत का सबब बनता है। इस दौरान मदरसा जामिया नूरिया में जारी नए तामीरी काम का भी ज़िक्र किया गया। इंतज़ामिया ने समाज के साहिब-ए-हैसियत अफ़राद से दिल खोलकर तआवुन करने की अपील की, ताकि तामीरी काम जल्द मुकम्मल हो सके और बच्चों को बेहतर तालीमी माहौल फ़राहम कराया जा सके। बताया गया कि नई इमारत तैयार होने के बाद दीनी तालीम के साथ हिन्दी, इंग्लिश और कम्प्यूटर एजुकेशन को और मज़बूत किया जाएगा। ग़ौरतलब है कि जामिया नूरिया आज मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में दीनी तालीम का एक अहम मरकज़ बन चुका है। यहां इस वक़्त मुख़्तलिफ़ इलाक़ों से आए लगभग 95 तलबा हाफ़िज़-ए-क़ुरआन का कोर्स कर रहे हैं। मदरसे का इंतिज़ाम सरकारी उसूलों और मुक़र्रर मापदंडों के मुताबिक़ किया जाता है। दूर-दराज़ इलाक़ों के बच्चों तक दीनी तालीम पहुँचाने में इस इदारे की ख़िदमात क़ाबिल-ए-तारीफ़मानी जाती हैं।

# महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई, प्रतिदिन लग रहा प्रवेश मेला

जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 से बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी है।

शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय पहुंचकर उसी दिन पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। सीट आवंटित होने के बाद निर्धारित समय-सीमा के भीतर शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए प्रतिदिन प्रवेश मेला आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को पंजीयन, चॉइस फिलिंग, दस्तावेज़ सत्यापन एवं प्रवेश संबंधी सभी प्रकार की सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। महाविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे 31 जुलाई 2026 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय पहुंचकर समय पर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
Skill India
DGT & NCVT
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

# शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्राओं को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट द्वारा नालसा (बाल-हितैषी कानूनी सेवाएं) योजना-2024 के अंतर्गत शासकीय संयुक्त आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास, बालाघाट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का***

आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेष कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन तथा न्यायाधीश एवं सचिव श्री सतीश शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर में विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) श्री रघुबीर प्रसाद पटेल ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को कानूनों की जानकारी रखने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री पटेल ने छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों से संबंधित महत्वपूर्ण कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने शिविर में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कानूनी विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में कानूनी जागरूकता बढ़ाना, उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना तथा सुरक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

**Government of Madhya Pradesh**
**DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION,**
**P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP).**
**E-mail: hegjtcbal@mp.gov.in**

P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP), DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH invites Request for Bid for Procurement of Goods- Supply,Installation,Testing,Commissioning of ICT Equipments on turnkey basis bid proposal to college. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 30-07-2026 onwards. Last date of Submission on 21-08-2026.

BID for ICT Equipments
Tender Notice -NIT No: 2026_HED_525702_1
RFQ No: 2653/ICT EQUIPMENT

Principal
P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, MP

ग्रेसियस कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जिला कांग्रेस समन्वय समिति की मासिक बैठक हुई सम्पन्न..



## दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के संबंध में हुई व्यापक चर्चा..

जगप्रेरणा सिवनी।

*जिला कांग्रेस समन्वय समिति की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सिवनी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार, दो दिवसीय*

आवासीय प्रशिक्षण जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्षो को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में व्यापक चर्चा की गई। समन्वय समिति की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षण देने हेतु समितियों के गठन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में यह भी चर्चा हुई कि छात्र संवाद कार्यक्रम जिन ब्लॉको किसी कारण नही हो पाए वहाँ पर त्वरित छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

समन्वय समिति की बैठक में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल, विनोद वासनिक, हाजी मो. हनीफ खान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, जिला उपाध्यक्ष हाजी मो. असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, सुरेन्द्र करोसिया, ब्रजेशसिंह बघेल, देवीसिंह चैहान, विष्णु करोसिया, आजम दीवान अली, अनिल सिंह ठाकुर, अतुलचंद मालू, शिव सनोडिया, प्रकाशसिंह सूर्यवंशी, यशपालसिंह भलावी, हर्षवर्धनसिंह लकी बघेल, आदित्य सिंह मोन्टू भूरा, राकेश सनोडिया, देवेन्द्र ठाकुर, शिवदीप डहेरिया, विनोद यादव, मुबारक खान, धनंजयसिंह, शुभम डहेरिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जयंती वर्ष पर धनौरा में भाजपा का समरसता कार्यक्रम..

## गुरु पूर्णिमा पर रविदास मंदिर में जलाए दीप.

जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।



*भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के 650वें जयंती वर्ष के*

अवसर पर संपूर्ण प्रदेश में समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर (29 जुलाई को) नगर धनौरा के बूथ क्रमांक 97 स्थित संत रविदास मंदिर में भाजपा संगठन द्वारा समरसता कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया।



यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन की जिला टोली के संयोजक श्री मुकेश रामनाथ सिंह बघेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और पूजा-अर्चना करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की रही गरिमामयी उपस्थिति..

आयोजन में अभियान के जिला सहसंयोजक एवं एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व धनौरा सरपंच दिनेश कौरेती, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक, जिला कार्यसमिति सदस्य व मंडल छिंदा प्रभारी डॉ. नीलेश जैन विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके साथ ही बूथ अध्यक्ष प्रवीण सोनी, भाजपा नेता देवचंद बकौड़े, राजू दाहिया, राधे यादव, विनीत जैन, मनोज सोनी, शंभू यादव, नितिन गोस्वामी, महेंद्र नागेश, गोपाल गिरी गोस्वामी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और समरसता का संदेश दिया।

# आयुष्मान भारत योजना से 2 वर्ष 7 माह के तनवीर ठाकरे के हृदय का सफल ऑपरेशन



जगप्रेरणा सिवनी।

*राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम* (RBSK) *एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 2 वर्ष 7 माह के तनवीर ठाकरे, निवासी जेवनारा, विकासखंड बरघाट, के जन्मजात*

हृदय रोग का सफल उपचार कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने बताया कि तनवीर ठाकरे जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित था। जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे के मार्गदर्शन में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर परिजनों की सहमति से बच्चे को नारायणा हृदयालय, मुंबई (महाराष्ट्र) रेफर किया गया।

आयुष्मान भारत योजना के तहत 16 जुलाई को नारायणा हृदयालय में तनवीर के हृदय का सफल ऑपरेशन किया गया। वर्तमान में बच्चा स्वस्थ है तथा चिकित्सकीय देखरेख में निरंतर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से जन्मजात रोगों से पीड़ित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सफलता आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रभावी कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# 9 अगस्त को मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस..

## जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और संस्कृति के उत्थान पर होगा विशेष जोर..




जगप्रेरणा छपारा।

*आदिवासी समाज के गौरव और परंपराओं को सम्मान देने के लिए इस वर्ष 9 अगस्त 2026, रविवार को मंडी परिसर छपारा में भव्य विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का*

आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को आदिवासी इतिहास, भाषा और संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है।

कार्यक्रम के मुख्य बिंदु - विश्व आदिवासी दिवस के महत्व पर चर्चा- जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संदेश, आदिवासी समाज के इतिहास, संस्कृति, भाषा और परंपराओं का परिचय, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक एकता पर विचार- शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आजीविका को लेकर जागरूकता सत्र, आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों एवं जननायकों को श्रद्धांजलि- लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा का प्रदर्शन ओर सामाजिक-आर्थिक-आध्यात्मिक-सांस्कृतिक उत्थान पर मंथन, आयोजकों ने समाज के सभी प्रबुद्धजन, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी और कृषक बंधुओं से कार्यक्रम में तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है।

आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम केवल उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता को बचाने और आने वाली पीढ़ियों तक संस्कार पहुंचाने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के शामिल होने की उम्मीद है।

# कलेक्टर श्रीमती मीना ने संजय सरोवर बांध का किया सघन निरीक्षण

## जल स्तर की सतत मॉनिटरिंग, अंतर्राज्यीय समन्वय, सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं पर्यटन विकास की संभावनाओं की समीक्षा





जगप्रेरणा सिवनी।

*कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने गुरुवार को जिले के प्रमुख जलाशय संजय सरोवर (भीमगढ़) बांध पहुंचकर व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने बांध के*

वर्तमान जल स्तर, जल आवक, जल निकासी की संभावित स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा मानसून के दौरान अपनाई जा रही व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्री पी. एन. नाग ने बांध की वर्तमान स्थिति, जल संग्रहण, जल स्तर की निगरानी, जल निकासी की व्यवस्था तथा विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कलेक्टर श्रीमती मीना को बांध की अद्यतन स्थिति से भी अवगत कराया। बताया गया कि 30 जुलाई 2026 की स्थिति में संजय सरोवर (भीमगढ़) बांध का पूर्ण जलाशय स्तर (एफआरएल) 519.38 मीटर है, जबकि वर्तमान जल स्तर 516.70 मीटर दर्ज किया गया है। बांध में 383.18 मिलियन घन मीटर जल संग्रहित है तथा लाइव स्टोरेज 286.18 मिलियन घन मीटर (69.80 प्रतिशत) है। गुरुवार को 7.50 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि चालू मानसून सत्र में अब तक 447.00 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। पिछले चार घंटे में बांध में औसतन 146.52 घन मीटर प्रति सेकंड की दर से जल आवक दर्ज की गई है। वर्तमान में बांध से जल निकासी नहीं की जा रही है तथा सभी गेट बंद हैं।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप बांध के जल स्तर की नियमित एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान जल स्तर में होने वाले प्रत्येक परिवर्तन पर लगातार नजर रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर समय रहते आवश्यक निर्णय लिए जाएं। यदि बांध से जल निकासी की आवश्यकता उत्पन्न होती है तो प्रभावित ग्रामों में पूर्व सूचना का व्यापक एवं प्रभावी प्रसारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने विशेष रूप से कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि संजय सरोवर (भीमगढ़) बांध से संभावित जल निकासी की स्थिति को देखते हुए प्रभावित होने वाले बालाघाट, गोंदिया एवं भंडारा जिलों के संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर आयोजित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अंतर्राज्यीय समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाते हुए तीनों जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक के साथ ही नियमित संवाद स्थापित किया जाए। जल स्तर, जल आवक, जल निकासी एवं डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों की स्थिति से संबंधित सूचनाओं का रियल टाइम आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए तथा प्रतिदिन आवश्यक जानकारी साझा की जाए, ताकि किसी भी संभावित आपात स्थिति में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सतत संपर्क बनाए रखते हुए सूचना तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने बांध की निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए कंट्रोल रूम में 24म7 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम से जल स्तर, जल आवक एवं जल निकासी की स्थिति पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही बांध परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को पुनः संचालन की स्थिति में लाते हुए क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि बांध परिसर एवं जलाशय क्षेत्र की सतत निगरानी की जा सके। कलेक्टर श्रीमती मीना ने निरीक्षण के दौरान संजय सरोवर (भीमगढ़) क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य, विशाल जलाशय एवं रमणीय वातावरण के कारण यह क्षेत्र जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएं रखता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों के लिए व्यू-पॉइंट, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, स्वच्छता, संकेतक बोर्ड, सुरक्षित भ्रमण मार्ग तथा अन्य आवश्यक पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन के विकास से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा जिले की पर्यटन पहचान को नई दिशा मिलेगी।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून अवधि के दौरान बांध की सुरक्षा, जल स्तर की निगरानी, आपदा प्रबंधन तथा सूचना तंत्र को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए हर स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री नीलमणी अग्निहोत्री, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्री पी. एन. नाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर पलटने से 42 वर्षीय युवक की मौत

जगप्रेरणा उगली।

*जिले के अंतर्गत पुलिस थाना उगली के ग्राम पिपरिया के पिपरिया टोला में आज एक दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस थाना प्रभारी दयाराम शरणागत ने जानकारी*



दिया कि पिपरिया टोला में 42 वर्षीय युवक जो अपने ससुर के खेत में ट्रैक्टर चलाते समय कल्टीवेटर में धान रोपा ले जा रहा था, जो अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया घटना में उक्त युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम मोहन पिता गोविंद सिंह उइके निवासी पिपरिया टोला बताया जा रहा है, पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया व पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

फिलहाल खरीफ फसल की धान रोपाई का कार्य प्रगति पर है, बरसात के चलते ट्रैक्टर या अन्य कृषि उपकरण किसानों को सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करना चाहिए।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# अमानक उर्वरक पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई कंपनी प्रतिनिधि सहित संबंधितों पर एफआईआर दर्ज

जगप्रेरणा सिवनी।

*कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन एवं उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिले में अवैध एवं अमानक उर्वरकों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गठित जिला स्तरीय दल ने गुप्त सूचना के आधार पर केवलारी*

विकासखंड के पलारी चौराहा स्थित संगम पैलेस मैरिज गार्डन में छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में अमानक उर्वरक जब्त किया। सहायक संचालक कृषि एवं उर्वरक निरीक्षक श्री पवन कुमार कौरव ने जिला परामर्शदाता श्री मुकेश मीणा तथा कृषि विस्तार अधिकारी श्री अंशिवराज मालाघरे के साथ मौके पर जांच की। जांच में 240 बोरी 12:32:06 उर्वरक का अवैध परिवहन एवं विक्रय किया जाना पाया गया। यह उर्वरक भारद्वाज फर्टिकेम प्राइवेट लिमिटेड, पीथमपुर (धार) का था, जिसे अरुण ठाकुर, मयंक ठाकुर एवं अंकित ठाकुर द्वारा अवैध रूप से परिवहन एवं विक्रय किया जा रहा था।

दल ने तत्काल संपूर्ण उर्वरक जब्त कर उसे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, केवलारी में सुरक्षित भंडारण के लिए रखवाया तथा नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में उक्त उर्वरक गंभीर रूप से अमानक पाया गया।



इसके आधार पर उर्वरक निरीक्षक श्री पवन कुमार कौरव ने थाना केवलारी में संबंधित व्यक्तियों के साथ भारद्वाज फर्टिकेम प्राइवेट लिमिटेड, पीथमपुर (धार) के प्रतिनिधि श्री समीर अली सैयद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक खरीदें तथा खरीद का पक्का बिल अवश्य लें। विभाग द्वारा मैदानी अमले के माध्यम से किसानों को अवैध एवं अमानक उर्वरकों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अवैध, अमानक तथा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय करने वालों के विरुद्ध जिलेभर में सघन कार्रवाई जारी है।

जिले के विभिन्न विकासखंडों में अब तक ऐसे मामलों में 10 प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी हैं, जिससे किसानों के हितों की सुरक्षा एवं गुणवत्तायुक्त कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### तिरोड़ी में एक एकड़ शासकीय भूमि से हटाया गया कब्जा..

## करोड़ो रूपए की जमीन अतिक्रमित मुक्त, दो साल बाद आदेश पर हुई कार्रवाई.. अतिक्रमित जमीन पर बोई जा रही थी फसल







**जगप्रेरणा कटंगी।**

***जिले के तिरोड़ी पंचायत में खसरा क्रमांक 575/19/1 में स्थित करोड़ो रूपए की एक एकड़ भूमि को, तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले की मौजूदगी में अतिक्रमण मुक्त किया गया।***

इस दौरान, पटवारी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

दरअसल, ग्राम के राजेन्द्र नायक का, जमीन पर सालों से कब्जा था। जिसकी शिकायत के बाद तहसीलदार तिरोड़ी ने 19 सितंबर 2024 को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, बावजूद इसके अतिक्रमणकारी का कब्जा बरकरार था। पंचायत क्षेत्र में करोड़ो रूपए की शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने के आदेश के बावजूद, अतिक्रमण नहीं हटने से पंचायत ने सख्ती से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की मांग को लेकर शिकायत पत्र तहसीलदार को दिया था। जिसमें दो साल पहले हुए आदेश पर, गुरूवार को बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। तहसीलदार गीता राहंगडाले ने बताया कि 2024 में अतिक्रमणकारी को अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया था।

जिसमें पंचायत की ओर से मिली शिकायत के बाद आज यह कार्रवाई की गई है। इसमें 10 बाई 10 की जगह पर निर्माण को एक सप्ताह में हटाने के लिए अतिक्रमणकारी ने समय मांगा है। इस अवधि में यदि वह निर्माण नहीं हटाता है तो उसे भी हटाया जाएगा। पंच फिरोज खान ने बताया कि सालों से ग्राम के राजेन्द्र नायक ने अतिक्रमण कर रखा था। करोड़ो रूपए की एक एकड़ जमीन पर आज अतिक्रमण की कार्रवाई की गई। जिससे पंचायत को शासकीय जमीन पर विकास कार्य करवाने में मदद मिलेगी।

## गुरु ही गढ़ते हैं व्यक्तित्व, विद्यार्थी आज से ही तय करें अपना लक्ष्यः रामेश्वर कटरे

### गुरु पूर्णिमा पर सांदीपनि विद्यालय पहुंचे समाजसेवी, विज्ञान प्रदर्शनी देख बच्चों की प्रतिभा को सराहा, नशामुक्ति का दिलाया संकल्प..





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

'गुरु केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाते हैं। आज का विद्यार्थी यदि अपने समय का सदुपयोग कर स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़े, तो वही कल देश का वैज्ञानिक, प्रशासक और राष्ट्रनिर्माता बनेगा।' यह बात परसवाड़ा के समाजसेवी रामेश्वर कटरे ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नव-निर्मित सांदीपनि विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रामेश्वर कटरे ने विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा, संस्कारों के महत्व और जीवन में शिक्षा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति को सही दिशा देता है और कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। गुरु का सम्मान भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कथक नृत्य, योग प्रदर्शन एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विज्ञान प्रदर्शनी सभी के आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों के वैज्ञानिक मॉडल और नवाचारों का अवलोकन करने के बाद रामेश्वर कटरे ने कहा कि इन नौनिहालों की सोच और रचनात्मकता यह विश्वास दिलाती है कि परसवाड़ा की धरती से भी भविष्य के वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक निकलेंगे।

इस अवसर पर ÷नशा मुक्ति अभियानङ्कनशे से दूरी है जरूरी 2.0÷ के तहत विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई। कटरे ने कहा कि विद्यार्थी जीवन संघर्ष और सपनों को साकार करने का स्वर्णिम काल होता है। यदि इस समय को नशे जैसी बुराइयों में गंवा दिया जाए तो भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल और नशे की लत से दूर रहकर अध्ययन, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया।

करियर मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों से उनके सपनों, रुचियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। उन्हें अपनी क्षमता को पहचानते हुए लक्ष्य निर्धारित करने और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष योगेश शरणागत, सेवानिवृत्त शिक्षक लेखराम गौतम, देवेंद्र ऐड़े, हिमांशु कटरे, थाना प्रभारी अनूप नामदेव, प्राचार्य शिवप्रसाद मानेश्वर, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नशे के खिलाफ गढ़ी में महाअभियान, हजारों लोगों ने ली नशामुक्ति की शपथ आज हुआ समापन

### स्कूलों, बाजार, बस स्टैंड से लेकर होटल-ढाबों तक पहुंची पुलिस; क्यूआर कोड स्कैन कर ई-सर्टिफिकेट भी कराए जारी..










**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***मध्य प्रदेश पुलिस विभाग आदेश के परिपालन में थाना गढ़ी द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्ति अभियान 2.0' के तहत 15जुलाई 2026 से 30जुलाई 2026तक क्षेत्र में व्यापक जन-जागरूकता महाअभियान चलाया गया।***

थाना प्रभारी योगेश कुम्हेर के नेतृत्व में पुलिस की विभिन्न टीमों ने पूरे नगर एवं आसपास के क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।

अभियान के दौरान पुलिस दल ने क्षेत्र के सभी विद्यालयों , सहित अन्य शिक्षण एवं आवासीय संस्थानों, एवं सभी कार्यालय, पंचायत भवन, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, होटल, ढाबों एवं पान-ठेलों पर पहुंचकर जनसंपर्क किया।

इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, वाहन चालकों, आशा कार्यकर्ताओं, पत्रकारों तथा प्रबुद्ध नागरिकों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों को नशे की लत से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए आजीवन नशा मुक्त रहने की सामूहिक शपथ दिलाई। अभियान के दौरान डिजिटल माध्यमों का भी प्रभावी उपयोग किया गया। बड़ी संख्या में लोगों एवं विद्यार्थियों से त्तक्र कोड स्कैन कराकर ऑनलाइन फॉर्म भरवाए गए तथा नशा मुक्ति अभियान से जुड़े ई-सर्टिफिक्रेट भी जारी कराए गए।

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल एवं पान-ठेला संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे किसी भी स्थिति में नाबालिगों को तंबाकू, सिगरेट अथवा अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री न करें। नियमों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। और आज पुलिस थाना गढ़ी से बाइक रैली निकाली गई जो रानी दुर्गावती चौक होते हुए बस स्टैंड बाजार चौक गढ़ी घूमती हुई पुनः पुलिस थाना गढ़ी में इस पूरे महा अभियान ÷नशे से दूरी है जरूरी ÷कार्यक्रम का समापन किया गया।

थाना प्रभारी योगेश कुम्हेर ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में स्थायी जन-जागरूकता लाने का सतत प्रयास है। पुलिस का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है।

### कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि

आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि जिसमें ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रौशनी मेरावी, सुश्री सोनाली कुशराम (भाजपा मंडल अध्यक्ष) रणजीत सिंह बैस (जनपद उपाध्यक्ष बैहर)महेश मरकाम (जिला पंचायत सदस्य बालाघाट) सरपंच ग्राम पंचायत कदला सरपंच ग्राम पंचायत माना टेकलाल धानेश्वर, प्रकाश बधाईयाँ, राजकुमार सोनी, अजय रजक, जयप्रकाश भारद्वाज, अजीम खान, और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

इस पूरे कार्यक्रम में थाना गढ़ी से अपनी पूरी सहभागिता और कार्यक्रम को संपन्न बनाने में थाना प्रभारी योगेश कुम्हेर (एस आई गढ़ी) राजेश धुर्वे हक फोर्स प्रभारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा उनके साथ सहायक उपनिरीक्षक चंदन लाल तिलासी जी सहायक उपनिरीक्षक लखन लाल कटरे जी एवं मेजर गणेश धुर्वे जी एवं आरक्षक दानिश खान, खिलेंद्र गौतम, मोहित यादव, अश्विनी उईके एवं एसएसयू से अतुल अग्निहोत्री एवं ईश्वरी उईके एवं समस्त स्टाफउपस्थित रहा।

## सेक्टर क्रमांक 04 के द्वारा पुलिस थाना गढ़ी में किया गया वृक्षारोपण..








**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***विस्तृत जानकारी- आज दिनांक 28.7.2026 को सेक्टर क्रमांक 04 गढ़ी में जिला समन्वय श्री महेश पटले जी के निर्देशानुसार स्वैच्छिकता कार्यक्रम किया गया जिसमें युग शक्ति विद्यालय गढ़ी में पुलिस थाना से आए अधिकारी***

द्वारा नशा मुक्ति अभियायन के तहत शपथ दिलाई गई नशा मुक्ति के बारे में बताया गया। नशा मुक्ति की रैली निकाली गई जिसमें एक शक्ति विद्यालय गढ़ी के विद्यार्थी एवं एकल अभियान के आचार्य भी सम्मिलित रहे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पुलिस थाना गढ़ी में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें उपस्थित पुलिस से थाना प्रभारी योगेश कुम्हेर (एस आई गढ़ी), लखन लाल कटरे (ए एस आई गढ़ी )युग शक्ति महिला मंडल अध्यक्ष मंजूलता चौधरी जी, अतुल अग्निहोत्री जी, एकल अभियान संच प्रमुख संजय यादव जी, देवकी बंजारा, युग शक्ति विद्यालय गढ़ी के टीचर स्टाफ एकल अभियान की आचार्य एवं दीदी और ग्रामीण जन युक्त शक्ति विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं ष्द्वष्ठ्यस्त्रश्च ह्यह्वह्वस्त्रद्गठ्ठ -पूर्णिमा राहंगडाले उपस्थित रहे।

## अवैध कॉलोनियों पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल का बड़ा एक्शन, 8 लोगों पर एफआईआर के निर्देश..

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***जिले में शासकीय भूमि पर अवैध प्लॉटिंग और कॉलोनी विकास के खिलाफप्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने ग्राम गर्रा, तहसील लालबर्रा में अवैध कॉलोनियों के दो अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं।***

23 जुलाई 2026 को पारित आदेश के अनुसार तहसीलदार लालबर्रा की जांच में सामने आया कि ग्राम गर्रा के विभिन्न खसरा नंबरों की भूमि पर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना अवैध प्लॉटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

जांच के दौरान कॉलोनी विकास से संबंधित आवश्यक स्वीकृतियां, ले-आउट अनुमोदन एवं विकास अनुज्ञा प्रस्तुत नहीं की गई। साथ ही शासकीय भूमि पर कच्ची सड़क, पुलिया एवं अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किए जाने की भी पुष्टि हुई। एसडीएम न्यायालय ने मामले को मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 61-घ के तहत गंभीर मानते हुए पूर्व में जारी नोटिसों और सुनवाई के बावजूद संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कार्रवाई के आदेश दिए।

पहले प्रकरण में जितेन्द्र उर्फबुलेश्वर डहाके, अनीता राजेश टेम्भरे, अर्चना देवेन्द्र बोपेचे एवं सुनील वल्द लोखिराम हनवत के विरुद्ध, जबकि दूसरे प्रकरण में दिलीप भैरम, जितेन्द्र वल्द बुलेश्वर, सोमेश्वर वल्द मोहनसिंह गोंड एवं इंदिरा जौजे उत्तमचंद कोठारी के खिलाफएफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित हल्का पटवारी को आदेश का तत्काल पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में एफआईआर दर्ज कराने और उसकी प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तहसीलदार लालबर्रा को भविष्य में संबंधित व्यक्तियों द्वारा अवैध भू-खंडों के विक्रय या निर्माण की सूचना मिलते ही तत्काल न्यायालय को अवगत कराने के निर्देश भी दिए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई को जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफबड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

## आत्मा योजना के तहत 25 दिवसीय आवासीय ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (स्रूश्व) अंतर्गत संचालित आत्मा (ञ्जरू) योजना के तहत जिले के ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जोडऩे के उद्देश्य से 25 दिवसीय आवासीय ग्रामीण युवा कौशल***

प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र, मुरझड़ (वारासिवनी) में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ-साथ कृषि एवं कृषि आधारित विभिन्न उद्यमों की व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण में उन्नत बीज उत्पादन तकनीक, वर्मीकम्पोस्ट निर्माण, जैविक खेती, मशरूम उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, कस्टम हायरिंग सेंटर का संचालन, डेयरी प्रबंधन, बकरी पालन, मुर्गी पालन तथा कृषि एवं कृषि आधारित अन्य स्वरोजगार गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कृषि विभाग ने बताया है कि जिले के इच्छुक ग्रामीण युवा, कृषक, कृषि उद्यमी तथा कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक अभ्यर्थी इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने एवं जमा करने के लिए संबंधित विकासखंड के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक (बी.टी.एम.), आत्मा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

कृषि विभाग ने जिले के अधिक से अधिक ग्रामीण युवाओं से इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा है कि यह कार्यक्रम युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोडऩे, कृषि आधारित उद्यमों की जानकारी देने तथा स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

इससे ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और कृषि क्षेत्र में नवीन संभावनाओं का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

5 शुक्रवार 31 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पीजी कॉलेज में मानसिक सशक्तिकरण, डिजिटल वेलनेस एवं जीवन मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में गुरुवार को ब्रह्माकुमारीज उपवन के तत्वावधान में सार्वभौमिक जीवन मूल्य जागृति अभियान के अंतर्गत मानसिक सशक्तिकरण,***






डिजिटल वेलनेस, व्यसन मुक्ति एवं जीवन मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजऋषि चोपड़ा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज एक वैश्विक आध्यात्मिक संस्था है, जो राजयोग ध्यान, मानवीय मूल्यों के विकास तथा विश्व शांति के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराते हुए आत्म-जागरूकता और मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला।

ब्रह्माकुमारी उर्वशी दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से मानव जीवन में नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच एवं आत्मिक चेतना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के विचार ही उसके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, इसलिए सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में माधुरी बेन दीदी ने जीवन मूल्यों एवं संस्कारों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार विकसित किए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजयोग और ध्यान के माध्यम से आत्म-जागरूकता बढ़ती है तथा व्यक्ति तनावमुक्त, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त करता है। महाविद्यालय के गणित विभाग के डॉ. योगेश विजयवार ने भी योग, ध्यान एवं जीवन मूल्यों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों से इन मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, भारतीय ज्ञान परंपरा नोडल अधिकारी डॉ. कंचन मसराम एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रचना कोरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे, डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे, प्रो. चित्रमाला भीमटे, प्रो. सविता गेड़ाम सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे ने किया।

# तिरोड़ी बना प्रदेश की फुटबॉल प्रतिभाओं का केंद्र, विधायक गौरव सिंह पारधी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह..

जगप्रेरणा तिरोड़ी (बालाघाट)।

***ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (ढ्ढस्नस्न) से संबद्ध मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन (स्नक्क्र) के तत्वावधान में जिला फुटबॉल संघ (छ्वस्न) बालाघाट द्वारा आयोजित एमपी जूनियर बॉयज़ स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 के अंतर्गत तिरोड़ी स्थित एथलेटिक स्टेडियम में रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी है।***







27 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के आठ जिला फुटबॉल संघों की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष, जिला फुटबॉल संघ बालाघाट के अध्यक्ष एवं कटंगी विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

## खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : विधायक गौरव सिंह पारधी

इस अवसर पर विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। बालाघाट जिले में खेलों के लिए बेहतर अधोसंरचना विकसित करने, खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएँ जिले के खिलाड़ियों को नई प्रेरणा देने के साथ खेल संस्कृति को भी मजबूत करेंगी।

## तिरोड़ी में पहली बार राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में सागर, शहडोल, सिंगरौली, बैतूल, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट एवं जबलपुर की टीमें दो समूहों में भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले 3 अगस्त तथा फाइनल मुकाबला 5 अगस्त को खेला जाएगा। तिरोड़ी में पहली बार इस स्तर की राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

इस अवसर पर डीएफए छिंदवाड़ा के सचिव विक्रांत यादव, डीएफए बालाघाट के सचिव सुनील यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश देशमुख, वरुण देशमुख, रेमंड फ्रांसिस, मिहिर त्रिवेदी, राजा नाग, राजा खान, सोनू तिवारी, रिक्की यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं दर्शक उपस्थित रहे।

## सिंगरौली की शानदार जीत, बालाघाट-मंडला के बीच भी रोमांचक मुकाबला

बुधवार को खेले गए मुकाबले में डीएफए सिंगरौली ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डीएफए शहडोल को 2-0 से पराजित कर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में डीएफए बालाघाट और डीएफए मंडला के बीच भी रोमांचक संघर्ष देखने को मिला, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। विधायक श्री पारधी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीम प्रबंधन को हार्दिक बधाई देते हुए पराजित टीम के संघर्षपूर्ण प्रदर्शन और खेल भावना की भी प्रशंसा की।

# राम की केवल प्रेम प्यारा, जान सके वो जान निहारा, सावन मास के चलते अमेंडा (पा) में अखंड रामायण पाठ का आयोजन

जगप्रेरणा लांजी।

***सावन मास के पावन अवसर पर एकल अभियान संच के तत्वावधान में चलाए जा रहे 30 दिन–30 गांव अखंड रामायण पाठ अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम अमेडा पा में 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ।***





कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की शुरुआत योग-प्राणायाम एवं संगीतमय राम नाम संकीर्तन से हुई। ग्राम के वरिष्ठजनों एवं एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया। इसके बाद भजन मंडली ने श्रीराम, जय राम, जय-जय राम के जयघोष के साथ प्रभात फेरी निकाली। रामधुन से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अखंड रामायण पाठ का विधिवत शुभारंभ किया गया।

एकल अभियान के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गांव-गांव में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाना है। वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के साथ प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इसी भावना के तहत रामायण पाठ के साथ वृक्षारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों, मातृशक्ति, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के समापन अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क दवा वितरण, बच्चों द्वारा श्रीरामचरितमानस पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं नाट्य मंचन, संगीतमय भजन-कीर्तन तथा महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकल अभियान संच के कार्यकर्ताओं सहित गणेश रणदिवे, संतोष दुरुगकर, मुकेश नेवारे, गुरूदयाल बड़गैया, अधारी बड़गैया, जवाहर बड़गैया, शिव किरनापुरे, अरविंद, राकेश, विजय, विनीत, दीपक, गंगाराम, अनाराम, गिरधारी बड़गैया एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# दृष्टि कंप्यूटर के विद्यार्थियों ने की एस.पी., कलेक्टर से भेंट

## अध्ययन के साथ प्रशासनिक जानकारियों से हुए अवगत

जगप्रेरणा लांजी।

***दृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, लांजी के सत्र जुलाई 2026 में प्रवेशित क्क्रष्ट एवं छ्वष्ट के लगभग 75 विद्यार्थियों के दल ने जिला कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा से कलेक्टर कार्यालय, बालाघाट में सौजन्य एवं प्रेरणादायक मुलाकात की।***







इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रशासनिक सेवाओं, नेतृत्व, अनुशासन एवं करियर से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने विद्यार्थियों से अत्यंत सहज एवं प्रेरणादायक संवाद करते हुए उन्हें निरंतर अध्ययन, सकारात्मक सोच, ईमानदारी एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। छात्रों ने अधिकारियो से महत्वपूर्ण सवाल किए जिसके प्रेरणादायी जवाब कलेक्टर श्री मीणा और एसपी श्री मिश्रा के द्वारा दिये जाकर उनका अनुसारण करने कहा गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने, नशे से दूर रहने तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश दिया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। प्रशासनिक भेंट के पश्चात विद्यार्थियों ने बालाघाट स्थित रिलायंस ट्रेंड्स मॉल का भी शैक्षणिक भ्रमण किया, जहाँ उन्हें आधुनिक रिटेल प्रबंधन, ग्राहक सेवा प्रणाली तथा व्यावसायिक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

# अकाल तख्त ने बेअदबी-रोधी कानून पर आपत्तियों को लेकर सरकार के जवाब को 'असंतोषजनक' बताकर खारिज किया..

अमृतसर, (भाषा)।

***अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी से संबंधित बेअदबी-रोधी कानून को लेकर पंजाब सरकार के जवाब को बृहस्पतिवार को 'असंतोषजनक' करार देते हुए इसे खारित कर दिया और इस मुद्दे पर 'आप' सरकार से बातचीत के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की।***

गड़गज की यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक इंदरबीर सिंह निज्जर द्वारा अकाल तख्त की ओर से 'जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' को लेकर उठाई गई आपत्तियों पर पंजाब सरकार का जवाब सौंपने के एक दिन बाद आई।

जत्थेदार गड़गज ने 29 जून को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह एक महीने के भीतर बेअदबी-रोधी कानून से संबंधित आपत्तियों का समाधान करे।

गड़गज ने बृहस्पतिवार को यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए सभी सिख विधायकों और कैबिनेट मंत्रियों को निर्देश दिया कि तीन अगस्त से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान अकाल तख्त साहिब और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के साथ इस मुद्दे पर सहमति बनने तक बेअदबी-रोधी कानून पर कोई चर्चा नहीं की जाए और कानून में किसी भी अन्य संशोधन को मंजूरी नहीं दी जाए।

मुख्यमंत्री भगवंत मान को ''गुरु द्रोही'' (गुरु दोखी) घोषित किए जाने के मद्देनजर आगामी विधानसभा सत्र के दौरान सिख विधायकों को किस प्रकार का आचरण करना चाहिए, इस सवाल के जवाब में गड़गज ने कहा कि विधायकों को मुख्यमंत्री के साथ संवाद नहीं करना चाहिए और अपनी बातचीत केवल विधानसभा अध्यक्ष तक सीमित रखनी चाहिए।

सरकार के जवाब का जिक्र करते हुए जत्थेदार ने कहा कि यह स्पष्ट है कि 'आप' सरकार अकाल तख्त की भावनाओं के अनुसार कानून में और संशोधन करने को तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा कि 29 जून को अकाल तख्त साहिब में पंजाब विधानसभा के सिख विधायकों और कैबिनेट मंत्रियों के बीच बनी सहमति की भावना सरकार के जवाब में नहीं दिखी है।

जत्थेदार ने कहा कि सरकार ने अकाल तख्त द्वारा उठाई गई आपत्तियों और बिंदुओं में से केवल एक को स्वीकार किया है, जबकि बाकी मुद्दों पर उसने कठोर रुख बनाए रखा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना जवाब भेजने से पहले समय पर बातचीत का कोई मौका नहीं दिया; सरकार का जवाब ''संतोषजनक'' नहीं है और इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। गड़गज ने कहा कि अगर सरकार इस कानून के बारे में अकाल तख्त के साथ बातचीत जारी रखना चाहती है तो इसके लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार को अकाल तख्त की बनाई समिति से संपर्क करना चाहिए और कानून पर आम सहमति बनानी चाहिए और यह काम दो महीने के अंदर पूरा हो जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अकाल तख्त की ओर से बातचीत के दरवाजे खुले हैं लेकिन सरकार को साफ नीयत के साथ आगे बढ़ना चाहिए और किसी भी तरह की चालाकी नहीं करनी चाहिए।

इस बीच, 'आप' नेता एवं सांसद मलविंदर सिंह कंग ने बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बेअदबी के खिलाफकानून का मकसद सिर्फ उन लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाना है जो जानबूझकर ऐसी हरकतें करते हैं और सरकार का सिखों के धार्मिक मामलों में दखल देने का कोई इरादा नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार अकाल तख्त और सभी सिख धार्मिक संस्थानों का बहुत सम्मान करती है।

# इंदौर में 5.47 लाख नागरिकों ने 'सेग्रीगेशन वाली सेल्फी' लेकर बनाया विश्व कीर्तिमान..

इंदौर (मध्यप्रदेश), (भाषा)।

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में स्रोत पर कचरे को अलग-अलग करने की आदत को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए 'सेग्रीगेशन वाली सेल्फी' अभियान में बृहस्पतिवार को करीब 5.47 लाख नागरिक शामिल हुए। नगर निगम अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता की पहल में नागरिकों की इस भागीदारी को लंदन स्थित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने विश्व कीर्तिमान के रूप में मान्यता प्रदान की है।

इंदौर, राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार आठ बार अव्वल रहा है। करीब 35 लाख की आबादी वाले इस शहर की स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार सफलता स्रोत पर कचरे के पृथक्करण (सेग्रीगेशन) की टिकाऊ व्यवस्था पर आधारित है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के ''सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ'' अभियान के तहत 'सेग्रीगेशन वाली सेल्फी' अभियान चलाया गया था।

उन्होंने बताया कि अभियान में पांच लाख नागरिकों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन इसमें 5,46,724 लोग शामिल हुए।

अधिकारियों के मुताबिक नागरिकों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों और संस्थानों में छह श्रेणियों में अलग किए गए कचरे के साथ सेल्फी ली। इसमें गीले और सूखे कचरे के अलावा डायपर (नैपी), सैनिटरी पैड और ई-वेस्ट समेत अपशिष्ट की अन्य श्रेणियां शामिल थीं।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विश्व कीर्तिमान की उपलब्धि पर शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि यह उपलब्धि इंदौर की स्वच्छता संस्कृति, अनुशासन और जन भागीदारी का परिणाम है।





जग प्रेरणा

खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# नीरज, रोहित और यशवीर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ दो अन्य भारतीय बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष 12 में जगह बनाकर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए।***



चोपड़ा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करते हुए भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता था। वह बृहस्पतिवार को क्वालीफिकेशन राउंड में 79.61 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे जबकि रोहित यादव (78.37 मीटर) और यशवीर सिंह (78.36 मीटर) क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर रहे। इससे इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाला पूरा भारतीय दल पदक दौर में पहुंचा।

प्रत्येक राउंड में आखिरी थ्रोअर रहने वाले चोपड़ा ने अपना तीसरा और आखिरी प्रयास नहीं किया क्योंकि तब तक वह पदक दौर में जगह बना चुके थे। क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं जिसमें लगातार सामने से तेज हवा चल रही थी और तापमान 18 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था। 18 प्रतिभागियों में से कोई भी 84 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं कर सका। इसके चलते शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने शुक्रवार को होने वाले फाइनल दौर के लिए क्वालीफाई किया।

केवल चार प्रतिभागी ही 80 मीटर दूर भाला फेंक पाए। इस सत्र में दोहा और रोम डायमंड लीग जीतने वाले शानदार फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने पहले ही प्रयास में 82.84 मीटर का थ्रो कर क्वालीफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल किया।

पिछले चरण के रजत पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 81.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (78.63 मीटर) ने सातवें स्थान पर और मौजूदा विश्व चैंपियन त्रिनिदाद एंव टोबैगो के केशोर्न वॉलकॉट (78.26 मीटर) ने 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

कीनिया के जूलियस येगो ने 2014 चरण में स्वर्ण और 2022 बर्मिंघम खेलों में कांस्य पदक जीता था। वह 74.50 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ 13वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। ग्लास्गो के ठंडे मौसम में 'बीनी' (ऊनी टोपी) पहने नजर आए चोपड़ा को स्कॉट्सटाउन स्टेडियम में दर्शकों से सबसे ज्यादा तालियां मिलीं। हालांकि कठिन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने संयमित रणनीति अपनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 76.28 मीटर का थ्रो किया जिससे वह पहले दौर के बाद छठे स्थान पर रहे। दूसरे प्रयास में उन्होंने 79.61 मीटर का थ्रो कर पांचवें स्थान पर जगह बना ली। इसके बाद उन्होंने अपना तीसरा और अंतिम प्रयास नहीं किया। यशवीर का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर है और उन्होंने भी प्रतियोगिता के दौरान लगातार सुधार किया। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले प्रयास में 73.89 मीटर, दूसरे में 74.45 मीटर और अंतिम प्रयास में 78.36 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया।

रोहित का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.05 मीटर है। उन्होंने पहले प्रयास में 77.04 मीटर और दूसरे प्रयास में 78.37 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने भी अपना अंतिम प्रयास नहीं किया। चोपड़ा पिछले वर्ष सितंबर से परेशान कर रही कमर के निचले हिस्से की चोट से उबरकर लौटे हैं। इस चोट के कारण उनकी वापसी में देरी हुई और उन्होंने जून में दोहा डायमंड लीग से प्रतिस्पर्धी वापसी की, जहां उन्होंने 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथा स्थान हासिल किया था।

# 'खतरों के खिलाड़ी 15' में गौरव खन्ना पर भारी पड़ा खतरनाक फायर स्टंट, दर्द में निकली चीख..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'खतरों के खिलाड़ी 15' जल्द ही शुरू होने वाला है और मेकर्स ने टीवी स्टार गौरव खन्ना वाला एक नया प्रोमो जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।***



इस नए टीजर में शो के सबसे मुश्किल चैलेंज में से एक को दिखाया गया है और साथ ही यह भी बताया गया है कि उनके परिवार को उनके शो में हिस्सा लेने को लेकर क्यों चिंता थी। प्रोमो में गौरव खुलकर बताते हैं कि उनकी मां इस स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो में हिस्सा लेने के उनके फैसले के खिलाफ थीं। एक खतरनाक स्टंट करने की तैयारी करते हुए वे कहते हैं, 'मेरी मां कह रही थीं कि खतरों के खिलाड़ी मत करो।'

## फायर स्टंट में गौरव खन्ना की हालत हुई खराब..

'खतरों के खिलाड़ी 15' का प्रोमो तब और भी रोमांचक हो जाता है जब गौरव एक ऐसे स्टंट की तैयारी करते हैं, जिसमें उनके शरीर में आग लगाई जाती है। हालांकि, यह सब टीम के कंट्रोल में रहकर किया जाएगा। जैसे ही टास्क शुरू होता है टीवी एक्टर घबराए हुए दिखते हैं। कुछ ही पल बाद खतरनाक आग वाले स्टंट को पूरा करने की कोशिश करते हुए वे चिल्लाते हैं और उनकी हालत देखते ही कंटेस्टेंट्स परेशान हो जाते हैं। इस दौरान कंटेस्टेंट्स के चेहरे पर डर और तनाव अलग से देखने को मिलता है।

## रोहित शेट्टी की धांसू वापसी..

इन खतरनाक सीन्स को देखकर फैंस बेचैन हैं और हर कोई यह देखने के लिए उत्सुक है कि गौरव इस सीजन में कैसा प्रदर्शन करते हैं। पिछले सीजन की तरह इस बार भी डायरेक्टर रोहित शेट्टी 'खतरों के खिलाड़ी 15' के होस्ट के तौर पर वापस आ गए हैं। रोमांचक चैलेंज बनाने के लिए मशहूर रोहित एक बार फिर कंटेस्टेंट्स को उनकी सीमाओं से आगे ले जाएंगे और ऐसे स्टंट करवाएंगे जो शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण होंगे। इसमें नजर आने वाले सभी कंटेस्टेंट के नाम का भी खुलासा हो चुका है।

## ओटीटी पर कहां देखें खतरों के खिलाड़ी 15..

'खतरों के खिलाड़ी 15' का प्रीमियर 1 अगस्त से कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार पर होगा। नए प्रोमो में खतरनाक स्टंट और दिल को छू लेने वाले सीन दिखाए गए हैं और यह इशारा करता है कि आने वाला सीजन रोमांच, जबरदस्त ड्रामा और सस्पेंस से भरे एक्शन से भरपूर होगा।

# भारत और श्रीलंका के बीच कब खेला गया था आखिरी टेस्ट मुकाबला, अब अगस्त में फिर होगा आमना- सामना..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय टीम का अगला मिशन श्रीलंका सीरीज होगी। हालांकि अभी इसमें कुछ वक्त बाकी है। इन दोनों के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज होगी, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी।***



इस बीच आपको जानना चाहिए कि भारत और श्रीलंका के बीच आखिरी बार कब और कहां टेस्ट सीरीज खेली गई थी और इसका रिजल्ट क्या रहा था। आने वाली सीरीज के शेड्यूल का ऐलान पहले ही कर दिया गया था, जिसे आप नोट भी कर लीजिए।

## अब से करीब चार साल पहले खेला गया था भारत और श्रीलंका के बीच आखिरी टेस्ट मैच..

भारत और श्रीलंका बीच आखिरी टेस्ट मैच अब से करीब चार साल पहले खेला गया था। तब श्रीलंका की टीम भारत दौरे पर आई थी। दो मैचों की इस सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला गया था, जिसे टीम इंडिया ने पारी और 222 रन से जीता था। इसके बाद सीरीज का दूसरा मैच बेंगलुरु में खेला गया। इसे टीम इंडिया ने 238 रन से जीतने में कामयाबी हासिल की थी। इस तरह से दो मैचों की सीरीज में श्रीलंका का सूपड़ा साफहो गया था। तब भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा थे और श्रीलंका की कप्तानी दमुथ करुणारत्ने कर रहे थे।

## तब से लेकर अब तक काफी बदल गई है टीम इंडिया..

अब करीब चार साल बाद दोनों टीमें फिर से टेस्ट के लिए आमने सामने आने वाली हैं। हालांकि तब से लेकर अब तक काफी कुछ बदल गया है। उस समय के भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तो अब टेस्ट से रिटायर हो गए हैं और उस वक्त कहीं भी नजर ना आने वाले शुभमन गिल अब टीम के कप्तान हैं। श्रीलंका की ओर से अभी तक इस सीरीज के लिए टीम का ऐलान नहीं किया गया है। जिसके जल्द होने की उम्मीद है।

## भारत ने करीब 9 साल पहले खेला था श्रीलंका में जाकर टेस्ट मैच..

इस बीच आपको बता दें कि टीम इंडिया करीब 9 साल बाद श्रीलंका में जाकर कोई टेस्ट मैच खेल रही है। इससे पहले श्रीलंका में दोनों टीमों का आमना सामना साल 2017 में पल्लेकेले में हुआ था। तब भी भारत ने श्रीलंका को उस मैच में पारी और 171 रन से हराया था। अब जो आगामी सीरीज है,

उसका पहला मुकाबला 15 अगस्त को शुरू होगा, जो 19 अगस्त तक चलेगा। लेकिन इससे पहले टीम इंडिया श्रीलंका पहुंचकर अपनी तैयारी करेगी और एक चार दिन का प्रैक्टिस मैच भी खेलेगी, ताकि वहां के मौसम और कंडीशन के हिसाब से खुद को ढाला जा सके।

# 'लॉक अप 2' में गौतमी कपूर ने श्रेया कालरा से मांगी माफी, पति राम कपूर के व्यवहार पर जताया अफसोस..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'लॉक अप: सच या सजा' शो के अंदर का ड्रामा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस सीजन के सबसे चौंकाने वाले मोड़ों में से एक में एक्ट्रेस गौतमी कपूर 'फैमिली विजिट' एपिसोड रहा है। इस दौरान रियलिटी शो में उन्होंने सभी कंटेस्टेंट्स से बात की और बाद में श्रेया कालरा के पास गई।***



गौतमी कपूर ने श्रेया कालरा से बिना हिचकिचाहट सबके सामने माफी मांगी। इस दौरान उन्होंने अपने पति राम कपूर के व्यवहार को लेकर बात की और श्रेया के साथ हालिया बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के बाद गौतमी ने शो में इस पर बात की है।

## जब श्रेया कालरा को किस करना राम को पड़ा भारी..

पिछले कुछ हफ्तों से मशहूर कंटेंट क्रिएटर और कंटेस्टेंट श्रेया कालरा ने घर के अंदर राम कपूर की शारीरिक नजदीकी और बर्ताव को लेकर अपनी बढ़ती असहजता पर जमकर नाराजगी जाहिर की थी। लॉक अप सीजन 2 की कंटेस्टेंट ने राम पर पर्सनल बाउंड्री पार करने और टास्क के बाद बिना मर्जी के गाल पर किस करने का आरोप लगाया था। एक एपिसोड में उन्होंने शिल्पा शिंदे से कहा: 'कुछ दायरे बनाए रखें। मेरे पिता भी मुझे इतना किस नहीं करते, अब मुझे किस न करें।'

## गौतमी कपूर ने श्रेया कालरा से मांगी माफी..

गौतमी ने शुरू में अपने पति का बचाव करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उन्होंने राम को अच्छा इंसान बताया था, लेकिन श्रेया के बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल के साथ 'लॉक अप 2' के घर में कदम रखते हुए उन्होंने बिल्कुल अलग तरीका अपनाया। शो में आते ही वह बदल गई। श्रेया के पास हाथ जोड़कर गौतमी ने इस विवाद पर बात की। उन्होंने कहा:

'माताजी, अगर कोई गलती हो गई हो तो माफ कर देना। अगर इन्होंने आपको गलत टच किया है तो मैं इनकी तरफसे माफी मांगती हूं।'

## राम कपूर के व्यवहार पर गौतमी को हुआ अफसोस..

राम की पत्नी और पॉपुलर एक्ट्रेस ने शो में दूसरी महिलाओं से भी माफी मांगी अगर 'बड़े अच्छे लगते हैं' एक्टर ने उन्हें असहज किया हो। गौतमी ने कहा, 'वह ऐसे ही हैं। मैं उनका बचाव नहीं कर रही हूं। वह बस एक टेडी बियर की तरह हैं।'

# विश्व कप में केसरिया जर्सी पहनेंगी भारतीय हॉकी टीमें, विवाद के बाद हॉकी इंडिया ने किया फैसले का बचाव..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अगले महीने नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच विश्व कप में पारंपरिक नीली जर्सी नहीं बल्कि केसरिया रंग की जर्सी पहनेगी । जर्सी का रंग बदलने के इस फैसले पर विवाद के बाद हॉकी इंडिया ने तकनीकी जरूरत बताकर इसका बचाव किया है। इस फैसले पर हालांकि पूर्व कप्तान वीरेन रासकिन्हा ने सवाल उठाया है।***

इसके बाद हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'यह देखा गया कि नीली जर्सी नीले रंग की एस्ट्रो टर्फ(मैदान की सतह) के साथ घुल-मिल जाती थी जबकि अंतरराष्ट्रीय हॉकी पिचों के लिए नीला रंग ही अब मानक है। इस एक जैसे रंग की वजह से खिलाड़ियों को मैदान पर साफ देखने में दिक्कत होती थी।'

इसमें कहा गया 'कोचों और खिलाड़ियों ने पीले या केसरिया जैसे दूसरे रंगों का सुझाव दिया। अच्छी तरह सोच विचार के बाद केसरिया रंग को चुना गया। तकनीकी जरूरत को पूरा करने के अलावा केसरिया रंग का गहरा महत्व भी है क्योंकि यह हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में से एक है और साहस, त्याग और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।' इसमें कहा गया,' कोचों और खिलाड़ियों से तकनीकी फीडबैक मिलने और हमारे राष्ट्रध्वज का रंग होने से इस रंग के सांकेतिक महत्व को देखते हुए यह फैसला किया गया।'

इससे पहले हॉकी इंडिया ने अपने सोशल मीडिया पेज पर नयी जर्सी का अनावरण करते हुए कहा कि जर्सी का डिजाइन और रंग एक कहानी बताने और भारत का गौरव दिखाने के लिये है। हॉकी इंडिया ने कहा कि केसरिया रंग साहस, बलिदान और जीत का प्रतीक है। इसने कहा, 'भारत के राष्ट्रध्वज और उगते हुए सूरज से प्रेरित यह जर्सी नयी शुरूआत की प्रतीक है।' विश्व कप 15 से 30 अगस्त के बीच खेला जायेगा। जर्सी पर 'मंडाला' कला से प्रेरित पैटर्न हैं जो भारत की सांस्कृतिक विरासत दर्शाते हैं।

हॉकी इंडिया ने कहा कि इस पर गहरा नेवी ब्लू रंक अशोक चक्र से प्रेरित है जो प्रगति, शांति और फोकस का प्रतीक है। हॉकी इंडिया ने कहा कि छाती पर बना ग्राफिक सुदर्शन चक्र का एक आधुनिक रूप है, जो 'ताकत, एकता और गति' का प्रतीक है। कंधों और बाजुओं पर तिरंगे की पाइपिंग है जो राष्ट्रीय गौरव की द्योतक है। जर्सी के आगे के हिस्से पर देवनागरी लिपि में 'इंडिया' लिखा है जो भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। हॉकी इंडिया ने कहा, 'नयी जर्सी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना की परिचायक है।' भारतीय टीम के पास केसरिया के साथ इसी तरह की सफेद जर्सी भी होगी। पूर्व कप्तान रासकिन्हा ने हालांकि जर्सी का रंग बदलने के फैसले पर सवाल किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हॉकी इंडिया ने खेल के लिये बहुत कुछ किया है लेकिन यह निराशाजनक है।

भारतीय टीम की विरासत और पहचान नीला रंग रही है। मैने कई साल तक गर्व से नीली जर्सी पहनी है। प्रशंसक हमारी टीम को नीले रंग में देखना चाहते हैं। यह केसरिया रंग का क्या तुक है।' ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट के सीईओ ने कहा, 'मेरा सरल और सीधा प्रश्न अपने गर्व, पहचान और विरासत से जुड़ा है।' हॉकी इंडिया ने अपने बयान में कहा कि पहले भी जर्सी का रंग बदलता रहा है। इसमें कहा गया, 'भारतीय हॉकी में टीम की जर्सी का रंग बदलने का यह नया मामला नहीं है । समय समय पर राष्ट्रीय टीम की किट का रंग जरूरत के हिसाब से बदलता रहा है।' बयान में कहा गया, '2014 एफआईएच विश्व कप में टीम की जर्सी का रंग पीला था और 2018 में हल्का नीला और बिल्कुल अलग डिजाइन में।'

# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अभिरा-अरमान की बेटी बनेगी दूल्हन, मायरा ने करियर छोड़ कबीर से शादी का किया ऐलान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के अपकमिंग एपिसोड में अभिरा-अरमान की बेटी मायरा अपनी शादी का ऐलान करते दिखाई देने वाली है। कहानी में एक हैरान करने वाला मोड़ देखने को मिलेगा,***



जब वह अपने करियर को छोड़ दूल्हन बनाने की बात कहती है। स्टार प्लस के लंबे समय से चल रहे शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के आने वाले एपिसोड में आखिरकार वह 'लीप ट्रैक' देखने को मिलेगा, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। इसमें अरमान और अभिरा को अपनी बड़ी हो रही बेटी मायरा की तरफसे एक चौंकाने वाली चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मायरा का मानना है कि करियर से ज्यादा शादी जरूरी है और उसका जीवनसाथी ही उसके सभी सपने पूरे कर सकता है।

## अरमान-अभिरा ने बेटियों को दी खास सलाह..

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आगे देखने को मिलेगा कि अरमान-अभिरा अपनी बेटी मायरा और मुक्ति को अपने करियर पर ध्यान देने और एक सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करने की पूरी कोशिश करते हैं।

मुक्ति उनकी बात समझती है और जीवन में कुछ हासिल करने के लिए दृढ़ रहती है। हालांकि, मायरा हमेशा अपने माता-पिता जैसी जिंदगी का सपना देखती है, जहां प्यार के साथ से सब कुछ मुमकिन हो जाता है। अभिरा की प्रेग्नेंसी के बाद अब नया ड्रामा होने वाला है।

## मायरा करेगी कबीर से शादी..

मायरा को लगता है कि अरमान और अभिरा के मजबूत रिश्ते की वजह से ही अभिरा कामयाब हो पाई है।

इसी सोच के चलते उसे कबीर से प्यार हो जाता है। एक बड़ी लड़की होने के नाते, मायरा कबीर के स्टाइल को पसंद करती है और मानती है कि वह काफी हद तक उसके पिता अरमान जैसा ही है। असली समस्या पोद्दार परिवार में तब शुरू होती है,

जब मायरा अपने बॉयफ्रेंड कबीर को परिवार से मिलवाती है और उससे शादी करने की इच्छा जाहिर करती है। सब हैरान रह जाते हैं और अरमान सवाल करता है कि वह ऐसी उम्र में शादी के बारे में कैसे सोच सकती है, जो करियर बनाने के लिए होती है।

## मायरा और कबीर के परिवार में होगी जंग..

मायरा बताती है कि कबीर उसके सारे सपने पूरे करेगा, जिससे अभिरा चौंक जाती है। कबीर के साथ मायरा की शादी के सपने से परिवार में झगड़ा शुरू हो जाता है। तनाव तब और बढ़ जाता है, जब कबीर का परिवार भी इसमें शामिल हो जाता है। इससे मायरा

और कबीर के रिश्ते को लेकर दोनों परिवारों के बीच झगड़ा हो जाता है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या अभिरा, कबीर के लिए मायरा की बढ़ती भावनाओं को रोक पाएगी?



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## स्वर सम्राट मोहम्मद रफी : एक ऐसी अमर आवाज़, जो आज भी करोड़ों दिलों में धड़कती है

### सादगी, इंसानियत और सुरों की मिसाल थे मोहम्मद रफी

भारतीय फिल्म संगीत का इतिहास जब भी लिखा जाएगा, उसमें कुछ नाम स्वर्ण अक्षरों में सदैव अंकित रहेंगे। उन अमर हस्तियों में सबसे ऊपर जिस नाम का उल्लेख बड़े सम्मान और गर्व के साथ किया जाता है, वह है स्वर सम्राट मोहम्मद रफी। उनकी आवाज़ में ऐसा जादू था, जो सीधे दिल तक पहुंचता था। वे केवल गीत नहीं गाते थे, बल्कि हर शब्द में भावनाओं की ऐसी गहराई भर देते थे कि श्रोता स्वयं को उस गीत का हिस्सा महसूस करने लगते थे।

31 जुलाई 1980 को मोहम्मद रफी इस दुनिया से विदा हो गए, लेकिन उनकी आवाज़ आज भी उतनी ही जीवंत है। उनकी पुण्यतिथि केवल एक महान गायक को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उस इंसान को नमन करने का दिन भी है जिसने अपनी सादगी, विनम्रता और मानवता से हर किसी का दिल जीत लिया।

संघर्ष से शिखर तक का सफर

24 दिसंबर 1924 को पंजाब के अमृतसर जिले के कोटला सुल्तान सिंह गांव में जन्मे मोहम्मद रफी बचपन से ही संगीत के प्रति आकर्षित थे। कहा जाता है कि एक फकीर की मधुर आवाज़ ने उनके भीतर संगीत के बीज बोए। परिवार के सहयोग और अथक परिश्रम के बल पर उन्होंने संगीत सीखा और फिर मुंबई की राह पकड़ी।

शुरुआत आसान नहीं थी। कई वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा, लेकिन उनकी प्रतिभा और मेहनत ने उन्हें वह मुकाम दिलाया, जिसकी कल्पना हर कलाकार करता है। जल्द ही वे फिल्म संगीत की पहली पसंद बन गए।

हर भावना की आवाज़ थे रफी साहब

मोहम्मद रफी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी बहुमुखी प्रतिभा थी। प्रेम, विरह, दर्द, खुशी, भक्ति, देशभक्ति, सूफियाना अंदाज़, कव्वाली, ग़ज़ल, शास्त्रीय संगीत और हास्य–ऐसा कोई भाव नहीं था जिसे उन्होंने अपनी आवाज़ में जीवंत न किया हो।

÷मन तड़पत हरि दर्शन को आज÷ सुनकर भक्ति का भाव जाग उठता है, ÷चौदहवीं का चाँद हो÷ प्रेम का एहसास कराता है, ÷ये दुनिया ये महफ़िल÷ जीवन की उदासी को शब्द देता है और ÷क्या हुआ तेरा वादा÷ आज भी टूटे हुए दिलों की आवाज़ बनकर गूंजता है।

हर अभिनेता की पहचान बन गई उनकी आवाज़

दिलीप कुमार, देव आनंद, शम्मी कपूर, राजेंद्र कुमार, धर्मेंद्र, जितेंद्र, राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज कलाकारों के लिए उन्होंने अपनी आवाज़ दी।

विशेषकर शम्मी कपूर पर फिल्माए गए गीतों ने नई ऊर्जा और नई पहचान दी। ऐसा लगता था मानो अभिनेता स्वयं गा रहे हों। यही उनकी गायकी की सबसे बड़ी खूबी थी।

महान संगीतकारों की पहली पसंद

नौशाद, शंकर-जयकिशन, ओ.पी. नैयर, सचिन देव बर्मन, मदन मोहन, रवि, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, कल्याणजी-आनंदजी और राहुल देव बर्मन जैसे संगीतकारों ने रफी साहब की आवाज़ को अपनी धुनों की आत्मा बनाया।

गीतकार शकील बदायूंनी, साहिर लुधियानवी, मजरूह सुल्तानपुरी, आनंद बख्शी और हसरत जयपुरी के शब्दों को उन्होंने अपनी आवाज़ से अमर बना दिया।

एक महान कलाकार ही नहीं, महान इंसान भी मोहम्मद रफी की महानता केवल उनकी गायकी तक सीमित नहीं थी। वे अत्यंत सरल, विनम्र और मददगार स्वभाव के व्यक्ति थे।

कई संगीतकारों और निर्माताओं ने स्वीकार किया कि आर्थिक कठिनाइयों के समय रफी साहब ने बिना किसी पारिश्रमिक के गीत रिकॉर्ड किए। जरूरतमंद कलाकारों की सहायता करना उनकी आदत थी।

उन्होंने कभी अपनी सफलता का अहंकार नहीं किया। यही कारण था कि फिल्म उद्योग का हर व्यक्ति उनका सम्मान करता था।

संगीत से बड़ा था उनका इंसानियत का संदेश रफी साहब ने कभी धर्म या भाषा की सीमाओं को महत्व नहीं दिया। उन्होंने इस्लामी नातें भी गाईं और ऐसे भजन भी गाए जिन्हें आज भी मंदिरों में सुना जाता है।

÷मन तड़पत हरि दर्शन को आज÷, ÷ओ दुनिया के रखवाले÷, ÷मधुबन में राधिका नाचे रे÷ जैसे गीत उनकी आध्यात्मिक संवेदनशीलता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान को दर्शाते हैं।

उनकी आवाज़ ने देश को यह संदेश दिया कि संगीत की कोई जाति, धर्म या भाषा नहीं होती।

सम्मानों से कहीं बड़ा था लोगों का प्यार

भारत सरकार ने उन्हें 1967 में पद्मश्री से सम्मानित किया।

उन्हें कई बार फिल्मफेयर पुरस्कार मिले तथा फिल्म ÷हम किसी से कम नहीं÷ के गीत ÷क्या हुआ तेरा वादा÷ के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

लेकिन उनका सबसे बड़ा सम्मान करोड़ों प्रशंसकों का प्रेम था, जो आज भी वैसा ही बना हुआ है।

आज भी जीवित है रफी साहब की आवाज़

आज इंटरनेट, यूट्यूब, रेडियो, एफएम, टीवी, संगीत प्रतियोगिताओं और लाइव कार्यक्रमों में रफी साहब के गीत सबसे अधिक पसंद किए जाते हैं।

नई पीढ़ी के गायक उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। देशभर में उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर ÷एक शाम रफी के नाम÷ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

यह किसी भी कलाकार के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उसके जाने के दशकों बाद भी उसकी लोकप्रियता में कोई कमी न आए।



रफी साहब के 10 अमर गीत
चौदहवीं का चाँद हो
बहारों फूल बरसाओ
तेरी प्यारी प्यारी सूरत को
अभी न जाओ छोड़कर
मन तड़पत हरि दर्शन को आज
ओ दुनिया के रखवाले
ये दुनिया ये महफ़िल
चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे
परदा है परदा
क्या हुआ तेरा वादा

जीवन की प्रमुख उपलब्धियाँ

जन्म : 24 दिसंबर 1924

जन्म स्थान : कोटला सुल्तान सिंह, अमृतसर (पंजाब)

फिल्मी सफर : लगभग चार दशक

हजारों गीतों को अपनी आवाज़ दी

पद्मश्री सम्मान (1967)

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता

अनेक फिल्मफेयर पुरस्कारों से सम्मानित

निधन : 31 जुलाई 1980

आज भी भारतीय संगीत जगत के सबसे लोकप्रिय गायकों में शामिल

आज भी महसूस होती है उनकी कमी

46 वर्ष बीत जाने के बाद भी मोहम्मद रफी की कमी उतनी ही गहराई से महसूस की जाती है। उनकी आवाज़ केवल संगीत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपने गीतों से प्रेम, भाईचारा, इंसानियत और संवेदनशीलता का संदेश दिया।

स्वर सम्राट मोहम्मद रफी ने यह सिद्ध कर दिया कि कलाकार का शरीर भले ही एक दिन इस दुनिया से चला जाए, लेकिन उसकी कला सदैव जीवित रहती है। उनकी आवाज़ आने वाली सदियों तक संगीत प्रेमियों के दिलों में गूंजती रहेगी।

श्रद्धांजलि

÷सुरों का वह बादशाह आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उसकी आवाज़ आज भी हर दिल की धड़कन है। मोहम्मद रफी केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारतीय संगीत की अमर पहचान हैं।÷

स्वर सम्राट मोहम्मद रफी साहब को उनकी 46वीं पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि।

लेखक

रहीम खान

## नशे से दूरियां बनाकर रखो तो अच्छा है

जो नशे का आदि है बर्बादी निश्चित है
सोचकर परिवार सारा ही तो चिंतित है

नशे से दूरियां बनाकर रखो तो अच्छा है
अपना परिवार बचाकर रखो तो अच्छा है

नशा जो तुम करोगे बच्चा पढ़ ना पायेगा
सीढीयां कामयाबी की वो चढ़ ना पायेगा

नशे से दूरियां बनाकर रखो तो अच्छा है
अपना परिवार बचाकर रखो तो अच्छा है

है नशे की लत बुरी फ्यूचर खराब होता है
किडनी क्या इससे लीवर खराब होता है

नशे से दूरियां बनाकर रखो तो अच्छा है
अपना परिवार बचाकर रखो तो अच्छा है

है नशे की लत बुरी पैर टूटता फेक्चर होता है
खून से लटपथ भी आसुओं से तर होता है

नशे से दूरियां बनाकर रखो तो अच्छा है
अपना परिवार बचाकर रखो तो अच्छा है

ना मिलेगी इज्जत कभी अपमान होता है
पूरा उसका ना कभी भी अरमान होता है
नशे से दूरियां बनाकर
रखो तो अच्छा है
अपना परिवार बचाकर
रखो तो अच्छा है


ये नशा इतना बुरा है रोग डेंजर होता है
तम्बाकू गुटखा खाना
नहीं कैंसर होता है
नशे से दूरियां बनाकर
रखो तो अच्छा है
अपना परिवार बचाकर
रखो तो अच्छा है

लेखक

किशोर छिपेश्वर
'सागर', बालाघाट


## दशा महा दशा

विष्णु जी का विश्राम
शिव जी का।
श्रावण मास प्रारंभ।
श्रद्धा पूर्वक पूजन अर्चन।
क्या पाया, क्या खोया।
किसकी वाकशक्ति प्रबल हुई।
आंकलन होगा।
मानवतावाद की कसौटी।
मुखोपाध्याय का क्या होगा।
काम कम व्याख्यान
ज्यादा होगा।
इसी तरह समय पास होगा।
फिर अगले वर्ष पर्व पर होगा।
घिसी पीटी कहानियाँ होगी।
दूरदर्शन सुहावन होगा।
सबका तरीके से होगा?

रचनाकार

वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 233



ck;s ls nk;s & 1) नीव का पत्थर, भीत को आधार देनेवाला पत्थर 5) लकड़ियों का ढेर जिस पर लाश जलायी जाती है 7) महिमा, बड़प्पन 10) अभिलाषा, इच्छा 12) अर्जुन का एक नाम 16) परशु 17) तहदार 18) बतायी,, 'कहा' का स्त्री लिंगी रुप 19) विनाश, लोप, एक पदार्थ का दूसरे में मिलना 21) मध्यस्थ, बिचौलिया 22) काम में लगा हुआ, उद्यत, निपुण, सतर्क 23) शरीर की ऊंचाई 24) एक मेवा 26) अनिष्टचिंतन, शाप 28) नागालैंड की एक प्रमुख जाति 29) वंश 30) योग्य 31) विशुद्ध, खालीस, एकदम 33) घोड़ों की काठी का पावदान 35) आफत 37) चालीस सेर का एक पुराना वजन 38) शुद्ध, ठीक 39) बंगाल के एक प्रसिद्ध समाजसुधारक जिन्होने ब्राह्मो समाज की स्थापना की 42) चित्त प्रसन्न होना 43) राजा दुष्यन्त की पत्नी 45) एक फूल 46) लक्ष्मी 47) शक्तिमान, ताकतवर 49) बिना 50) अपने राष्ट्रपति के लिए प्रयुक्त एक आदरवाची संबोधन 53) बंद स्थान में कड़ी निगरानी में रखा हुआ 56) पवित्र 57) पंजाब की एक प्रमुख नदी 58) किसी रियासत का मुगल शासक 60) गरीबों पर दया करनेवाला, ईश्वर 63) शतरंज में बादशाह को दी गयी किश्त 64) उसके अनुसार 66) चन्द्रमा 69) जहाज 70) ख्याल, ध्यान, चिंता 72) विशेष 73) खुशबु देना, सुगंधित होना 75) शतरंज के खेल की एक गोटी 77) लिप्त 78) बतौर नायक इस अभिनेता की पहली फिल्म 'मैने प्यार किया' थी 81) लाल रंग का 83) प्राचीन काल के एक सुप्रसिद्ध अंध संत कवि 86) परिणाम 87) दिया 89) पेड़–पौधों का वह भाग जो जमीन के अंदर रहता है 90) सरहद, सीमा 91) सहायता 93) स्त्री 94) नासमझ 95) बार, दफा 97) वृक्ष 98) श्रवणेन्द्रिय 99) राजा का पुत्र 101) परिणाम 102) डर, आतंक 105) कंपित होना 107) उस वक्त, उस समय 108) सजाने की क्रिया 109) संध्या 110) विष्णु 112) खेल में जो आऊट न हुआ हो 113) अभिनेता शम्मी कपूर की पत्नि का नाम 114) मृत्यु 115) आनन्द की धूमधाम, अनेक मनुष्यों के आने जाने की धूम 116) आगरे का एक प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल

Åij ls uhps & 1) विपत्ति, बला 2) किसी तेज शस्त्र का पैना किनारा, राजा भोज की राजधानी 3) पृथ्वी के नीचे का छठा लोक 4) असावधानी 5) चित्तीदार, रंग–बिरंगा 6) संख्या 8) क्षेत्रफल (उर्दू) 9) इस अभिनेत्री ने फिल्म 'अदालत' मे अमिताभ बच्चन के मां की अदाकारी की थी 10) मुंह 11) किचड़ युक्त जमीन जिसपर पैर पड़ते ही धंस जाता है 13) यशोदा के पति और बाल श्रीकृष्ण के पालन करनेवाला 14) प्रज्वलित करना 15) आक्रमण (उर्दू) 20) श्रीकृष्णजी का वंश 25) घर 27) जलवायु 29) कम गरम और कम ठंड़ा 31) अनूठी,, अलग प्रकार की 32) रामायण के नायक 34) सही,, तुल्य, समान 36) भरणपोषण 37) सलाह 38) सुरक्षित 40) निर्दय, निष्ठुर 41) हमारा राष्ट्रीय पक्षी 42) ताकत 44) फिल्म शोले का गब्बरसिंग 47) कुदृष्टी 48) कपोलकल्पित 51) दशा 52) विधवा 54) मां, माता 55) कैदी 57) साथ में रहना 58) मुलायम 59) व्यवसाय में वृद्धि, लाभ 61) समूह, पत्ता 62) खानाबदोश 63) बाण 65) डाक्टरद्वारा औषधियों की सूची लिखी हुयी परची 67) जताना, मालूम कराना, स्त्री – जैसा 68) लाश 70) त्यौहार, उत्सव 71) शपथपत्र 74) चेष्टा, क्रिया 76) विजय 77) सैनिकों को दी जानेवाली खाद्यसामग्री 79) धनवान 80) संजय दत्त, सलमान खानद्वारा अभिनीत फिल्म 'साजन' के संगीतकार 82) चन्द्रमा, ओशो 83) ब्याज 84) आंचल 85) रोगी 88) लेकिन 90) तहलका 92) एक दल से दूसरे दल में जाना 93) अप्रसन्नता 96) मुगल सम्राट 98) एक आंख से देखनेवाला 100) कुटुम्ब, घराना 101) सहस्त्र 103) गर्भ 104) प्रकार 106) दुराचारिणी स्त्री 107) बरबाद, नष्ट 108) समान, बराबर 111) सामान, सम्पत्ति 112) किसी वस्तु या व्यक्ति का संबोधनवाची शब्द (जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeva-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# वित्त मंत्रालय ने भारतीय समुद्री बीमा पूल के तहत सुरक्षा एवं क्षतिपूर्ति बीमा उत्पाद पेश किया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने बृहस्पतिवार को भारतीय समुद्री बीमा पूल (बीएमआईपी) के तहत देश का पहला सरकारी गारंटी के साथ सुरक्षा एवं क्षतिपूर्ति (पीएंडआई) बीमा उत्पाद पेश किया।***



इस उत्पाद को न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी ने तैयार किया है। पी एंड आई बीमा पॉलिसी समुद्री परिवहन में तीसरे पक्ष की देनदारियों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करती है। भारत मैरिटाइम इंश्योरेंस पूल यानी भारतीय समुद्री बीमा पूल, समुद्री जोखिमों के लिए घरेलू बीमा क्षमता उपलब्ध कराने वाली साझा बीमा व्यवस्था है।

इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव संजय लोहिया ने भारतीय नौवहन निगम लि. को पहली सुरक्षा और क्षतिपूर्ति बीमा पॉलिसी सौंपी। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह बीमा चालक दल और कार्गो से जुड़ी देनदारियों, प्रदूषण से संबंधित दायित्वों, जहाज के मलबे को हटाने की लागत तथा 24 घंटे उपलब्ध बंदरगाह प्रतिनिधि नेटवर्क जैसी तीसरे पक्ष की देनदारियों के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। पूल की संयुक्त बीमा क्षमता के माध्यम से इसमें 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक की क्षतिपूर्ति सीमा उपलब्ध है। कार्यक्रम में नौवहन महानिदेशक श्याम जगन्नाथन, वित्तीय सेवा विभाग के अतिरिक्त सचिव देबाशीष प्रुस्ती, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफइंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक हितेश जोशी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी की चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गिरिजा सुब्रमणयन तथा भारतीय नौवहन निगम लि. के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक बिनेश कुमार त्यागी मौजूद थे।

बयान के अनुसार, 12 मई, 2026 को संप्रभु गारंटी के साथ बीएमआईपी के परिचालन शुरू होने के बाद से इस व्यवस्था को बाजार में अच्छा समर्थन मिला है। इसने भारतीय पक्षों को निर्बाध युद्ध जोखिम बीमा उपलब्ध कराने के अपने प्रमुख उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

बीएमआईपी शुरू होने के बाद पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान की तुलना में युद्ध जोखिम बीमा प्रीमियम में लगभग 35 से 40 प्रतिशत की कमी आई है। बीस जुलाई, 2026 तक इस पूल के तहत कार्गो युद्ध जोखिम और जहाज के ढांचे से जुड़े युद्ध जोखिम से संबंधित कुल 1,608 बीमा पॉलिसी जारी की जा चुकी हैं।

मंत्रालय ने कहा कि बीएमआईपी व्यवस्था समुद्री युद्ध जोखिम बीमा की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने, घरेलू 'अंडरराइटिंग' क्षमता विकसित करने और भारतीय नौवहन एवं व्यापार क्षेत्र का विश्वास बढ़ाने में सहायक है। इसमें सुरक्षा एवं क्षतिपूर्ति बीमा को शामिल करने से भारत की समुद्री जोखिम प्रबंधन व्यवस्था और मजबूत होगी तथा समुद्री बीमा प्रणाली सुदृढ़ होगी। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल मजबूत घरेलू बीमा क्षमताओं के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे विशेषीकृत बीमा समाधानों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, विदेशी बाजारों पर निर्भरता कम होगी और भारत के समुद्री व्यापार से सृजित मूल्य देश की अर्थव्यवस्था में ही बना रहेगा। यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत' के व्यापक लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान करेगी।

# एफएसएसएआई ने भ्रामक दावों के लिए वतावे हेल्थकेयर, ग्लोबल हेल्थफिट रिटेल के उत्पादों पर रोक लगाई..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने पोषक औषधि (न्यूट्रास्यूटिकल फर्मा) बनाने वाली कंपनी वतावे हेल्थकेयर और 'हेल्थ एंड वेलनेस' कंपनी ग्लोबल हेल्थफिट रिटेल पर उनके उत्पादों के बारे में भ्रामक दावे करने के कारण रोक लगा दी है।***




भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने वतावे हेल्थकेयर को 'फॉलिन्यूरो सीरप' बनाने और बेचने से रोक दिया है, क्योंकि कंपनी ने यह भ्रामक दावा किया था कि यह उत्पाद दिमाग के कामकाज को बेहतर बनाएगा।

खाद्य नियामक ने ग्लोबल हेल्थफिट रिटेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के 'न्यूहर्ब्स ट्रू विटामिन' की बिक्री पर रोक लगा दी है, क्योंकि इसका कारोबारी नाम भ्रामक था।

बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, एफएसएसएआई ने कहा कि उसने 'फॉलिन्यूरो सीरप - फॉलिनिक एसिड सीरप'' के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री के लिए वतावे हेल्थ केयर के खिलाफ 'रोक का आदेश' जारी किया है।

एफएसएसएआई ने बताया कि उत्पाद का नाम 'फॉलिन्यूरो' और इसके पैक के अगले हिस्से (एफओपी) पर बनी दिमाग की तस्वीर से यह संकेत मिलता है कि यह उत्पाद दिमाग अथवा न्यूरो कामकाज क समर्थन करने या बेहतर बनाने के लिए है। नियामक ने कहा कि यह उत्पाद के मकसद के बारे में भ्रामक दावों की श्रेणी में आता है।

ऐसा लगता है कि यह एफएसएस कानून, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसलिए, वतावे हेल्थ केयर को तत्काल प्रभाव से 'फॉलिन्यूरो सीरप' के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री से रोक दिया गया है।

इस आदेश का उल्लंघन होने पर, एफएसएसएआई ने कहा कि कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी ओर, ग्लोबल हेल्थफिट रिटेल इंडिया को पहले ही 'न्यूहर्ब्स ट्रू विटामिन' उत्पाद के लिए ÷ट्रू विटामिन' भ्रामक कारोबारी नाम के संबंध में एक नोटिस जारी किया गया था।

नियामक ने कहा, ÷'ट्रू विटामिन' शब्द ग्राहकों को गुमराह कर सकता है क्योंकि एफएसएस (लेबलिंग और प्रदर्शन) कानून, 2020 या एफएसएस (विज्ञापन और दावे) कानून, 2018 के तहत न तो इसे परिभाषित किया गया है और न ही इसे मान्यता दी गई है, और यह इन नियमों का उल्लंघन है।÷

इसके अनुसार, सक्षम अधिकारी ने ग्लोबल हेल्थफिट रिटेल को इस उत्पाद की बिक्री तुरंत रोकने का निर्देश दिया है। कंपनी से कहा गया है कि वह इस नोटिस की तारीख से 30 दिन के भीतर 'कार्रवाई रपट' (एटीआर) जमा करे और साथ ही किए गए किसी भी सुधारात्मक कदम का कारण भी बताए।

# जीएसटी नेटवर्क ने ई-वे बिल में प्रस्तावित बदलाव टाले..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने ई-वे बिल प्रणाली में प्रस्तावित दो बदलाव के अमल पर फिलहाल रोक लगा दी है। उद्योग जगत से मिले सुझावों और आपत्तियों के बाद यह कदम उठाया गया है।***




इन बदलावों को एक अगस्त, 2026 से लागू किया जाना था। इनमें पहला बदलाव 'बिल-टू' शिप-टू' यानी बिल किसके नाम पर बनेगा माल किसे या किस स्थान पर भेजा जाएगा लेनदेन में माल प्राप्त करने वाले का जीएसटीआईएन (शिप टू जीएसटीआईएन) दर्ज करना अनिवार्य करना था। इसका मकसद वस्तुओं के वास्तविक प्राप्तकर्ता की पहचान बेहतर ढंग से करने और माल की आवाजाही का पता लगाने की व्यवस्था को मजबूत करना है।

दूसरा बदलाव 'स्वैच्छिक समापन' सुविधा शुरू करना था। इसके तहत करदाता उन परिस्थितियों में सक्रिय ई-वे बिल बंद कर सकते थे, जब अंततः माल की ढुलाई नहीं हो पाती। इन बदलावों के साथ ईआरपी (एंटरप्राइज रिर्सोस प्लानिंग) और ई-इनवॉयस एकीकरण के लिए 'एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस' (एपीआई) में भी संशोधन प्रस्तावित थे।

जीएसटीएन ने कहा कि नौ जून और 17 जून को जारी उसके परामर्श अगली सूचना तक स्थगित कर दिए गए हैं। परामर्श में इन बदलावों को एक अगस्त, 2026 से लागू करने का प्रस्ताव था।

ईवाई इंडिया के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि परीक्षण के दौरान कई कंपनियों ने पाया कि विशेषकर 'ऑटो कंपोनेंट', ईपीसी और ई-कॉमर्स जैसे जटिल आपूर्ति श्रृंखला वाले क्षेत्रों में प्रस्तावित 'शिप-टू जीएसटीआईएन' अनिवार्यता और ई-वे बिल की स्वैच्छिक समापन सुविधा को मौजूदा ई-इनवॉयसिंग और आईआरएन-आधारित ई-वे बिल प्रणाली के साथ लागू करना कठिन है।

उन्होंने कहा, ÷जीएसटीएन द्वारा केवल समयसीमा बढ़ाने के बजाय परामर्श और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) वापस लेना इस बात का संकेत है कि सरकार उद्योग जगत की प्रतिक्रियाओं और व्यावहारिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इन बदलावों के स्वरूप पर पुनर्विचार कर रही है।÷

अग्रवाल ने कहा कि कंपनियां अब तक किए गए परीक्षण कार्य को सुरक्षित रखें, क्योंकि माल की आवाजाही की निगरानी को बेहतर बनाने का उद्देश्य संशोधित स्वरूप में आगे भी जारी रह सकता है।

एएमआरजी ग्लोबल के प्रबंध भागीदार रजत मोहन ने कहा कि हालांकि जीएसटीएन ने स्थगन का कारण स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन माना जा सकता है कि यह फैसला विभिन्न पक्षों को और तैयारी का समय देने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इन बदलावों को रोकने से कारोबार में समस्या नहीं आएगी और संशोधित कार्यान्वयन योजना घोषित होने तक मौजूदा ई-वे बिल व्यवस्था जारी रहेगी।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के तहत 50,000 रुपये से अधिक मूल्य का माल ले जाने वाले व्यक्ति के लिए ई-वे बिल साथ रखना अनिवार्य है। माल की ढुलाई शुरू होने से पहले जीएसटी पंजीकृत व्यक्ति या परिवहनकर्ता को जीएसटी पोर्टल पर यह दस्तावेज तैयार करना होता है। एक जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू होने के साथ राज्यों की सीमाओं पर मौजूद जांच चौकियां समाप्त कर दी गई थीं। इसके बाद ई-वे बिल प्रणाली डिजिटल विकल्प के रूप में सामने आई। इसने माल की ऑनलाइन निगरानी को संभव बनाया और राज्य सीमाओं पर भौतिक बाधाएं दोबारा लगाए बिना कर प्रशासन के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद की।

# विमानन क्षेत्र में करों, शुल्क की कटौती से हवाई यात्रा की 'भारी' मांग पैदा होगी: इंडिगो एमडी..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो के प्रबंध निदेशक (एमडी) राहुल भाटिया ने सरकार से विमानन क्षेत्र में लागू करों में कटौती और हवाई अड्डा शुल्कों को तर्कसंगत बनाने की अपील करते हुए कहा है कि किराये कम होने पर देश में 'भारी' मांग***




पैदा हो सकती है। भाटिया ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि एक तरफ हवाई यात्रा को सार्वजनिक उपयोगिता वाली चीज बताया जाता है, वहीं इस पर कर इस तरह लगाए जाते हैं मानो यह 'अभिजात्य वर्ग का परिवहन' हो। उन्होंने कहा कि भारतीय एयरलाइन कंपनियां विभिन्न करों एवं शुल्कों की वजह से लागत बढ़ने का बोझ काफी हद तक खुद ही वहन करती हैं और आखिर में इसका बोझ यात्रियों पर डाला जाता है।

उन्होंने कहा, ''पिछले तीन वर्षों में महंगाई 12 प्रतिशत बढ़ी है लेकिन एयरलाइंस के मूल किराये केवल एक से तीन प्रतिशत ही बढ़े हैं। इसके विपरीत, हवाई अड्डा उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) में 95 प्रतिशत और लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क में 34 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है।''

उन्होंने कहा कि विमानन ईंधन (एटीएफ) एयरलाइंस की कुल परिचालन लागत का करीब 40 प्रतिशत होता है और हाल के समय में तेल कीमतों में तेजी एवं पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण उड़ान समय बढ़ने से लागत और बढ़ गई है। इसके बावजूद एयरलाइंस किराये के मोर्चे पर प्रतिस्पर्धी बने रहने की कोशिश कर रही हैं।

भाटिया ने कहा कि भारतीय उपभोक्ता मूल्य को लेकर बहुत संवेदनशील हैं और किराये में कमी होने की स्थिति में यात्रा मांग में बड़ा उछाल आ सकता है।

इसके साथ ही भाटिया ने उड़ान ड्यूटी समयसीमा (एफडीटीएल) नियमों की समीक्षा की मांग करते हुए कहा कि मौजूदा नियम कॉकपिट उत्पादकता को कम करने के साथ लागत बढ़ाते हैं, जिससे भारतीय विमानन क्षेत्र वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि एयरलाइंस सुरक्षा मानकों में किसी तरह की ढील नहीं चाहती हैं लेकिन पायलट के उड़ान ड्यूटी संबंधी नियम वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार के अनुरूप होने चाहिए।

इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी को लेकर उठ रही चिंताओं पर भाटिया ने कहा कि यह धारणा गलत है कि एयरलाइन बहुत बड़ी हो गई है। उन्होंने बताया कि एयरलाइन की लगभग 34 प्रतिशत क्षमता 250 ऐसे शहरों के बीच लगाई गई है, जहां उसने नए बाजार विकसित किए हैं।

प्रतिस्पर्धी बाजारों में इसकी हिस्सेदारी करीब 40-44 प्रतिशत के बीच है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह करीब 20 प्रतिशत है। इंडिगो रोजाना 2,100 से अधिक उड़ानें संचालित करती है और उसके बेड़े में 400 से ज्यादा विमान हैं। उन्होंने कहा कि विमानन उद्योग 'कम मार्जिन' वाला कारोबार है, जहां लागत में मामूली बदलाव भी बड़ा असर डालता है।

उन्होंने कहा कि सरकार, एयरलाइंस और हवाई अड्डा संचालकों के संयुक्त प्रयास से ही भारत के तेजी से बढ़ते विमानन बाजार की संभावनाओं को पूरी तरह साकार किया जा सकता है।

# टाटा स्टारबक्स की महानगरों, तेजी से बढ़ते शहरों में नए स्टोर खोलने की योजना

हैदराबाद, (भाषा)।

***टाटा स्टारबक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुशांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी महानगरों के साथ-साथ तेजी से बढ़ रहे उभरते शहरों में भी विस्तार की योजना बना रही है।***




कंपनी ने बृहस्पतिवार को दक्षिण भारत में अपना पहला स्टारबक्स रिजर्व स्टोर शुरू किया। इसके साथ ही देश में उसके स्टारबक्स रिजर्व स्टोर की कुल संख्या बढ़कर छह हो गई है। नए स्टोर के अलावा कंपनी के तीन स्टारबक्स रिजर्व स्टोर दिल्ली-एनसीआर में तथा एक-एक मुंबई और कोलकाता में हैं।

दास ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ÷हम स्थापित महानगरीय बाजारों और तेजी से उभरते शहरों, दोनों में अवसर देख रहे हैं। हमारा ध्यान सोच-समझकर विस्तार करने पर है। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर भी हमारा ध्यान है कि प्रत्येक नया कॉफीहाउस ग्राहकों को वही 'स्टारबक्स' अनुभव प्रदान करे, जिसकी वे अपेक्षा करते हैं।÷

स्टारबक्स कॉफी कंपनी और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की संयुक्त उद्यम टाटा स्टारबक्स ने भारत में वर्ष 2012 से परिचालन शुरू किया था। इसमें दोनों कंपनियों की 50:50 के अनुपात में हिस्सेदारी है। दास ने कहा कि कंपनी वर्तमान में 80 से अधिक शहरों में 500 से ज्यादा स्टोर संचालित कर रही है। इससे भारत स्टारबक्स के वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल हो गया है।

उन्होंने कहा कि भारत कंपनी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वृद्धि वाला बाजार बना हुआ है। कंपनी उपयुक्त स्थानों और सही प्रारूप में कॉफीहाउस खोलते हुए दीर्घकालिक और संतुलित विस्तार की रणनीति पर काम कर रही है। दास ने कहा कि ग्राहकों की बदलती पसंद को देखते हुए कंपनी स्टारबक्स रिजर्व जैसे विशिष्ट कॉफी अनुभवों में निवेश जारी रखेगी और पूरे देश में अपनी मौजूदगी को बढ़ाएगी।

उन्होंने कहा कि लगातार नए स्टोर खोलने, पेय और खाद्य उत्पादों में नवोन्मेष तथा ग्राहकों की बढ़ती भागीदारी के कारण भारत स्टारबक्स के सबसे तेजी से बढ़ते वैश्विक बाजारों में बना हुआ है।

# असम के बाढ़ प्रभावित चार जिलों में कर्ज की किस्तों के भुगतान पर छह महीने के लिए रोक

गुवाहाटी, (भाषा)।

***असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कर्ज लेने वाले लोगों को राहत दी है। उन्होंने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि राज्य के चार जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों के सभी प्रकार के कर्ज की किस्तों के भुगतान पर छह महीने की रोक लगाने की घोषणा की।***

शर्मा ने 'फेसबुक लाइव' के माध्यम से बताया कि उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की विशेष बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), नाबार्ड, भारतीय स्टेट बैंक और अन्य सभी वाणिज्यिक बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

उन्होंने कहा, ÷बैठक में शिवसागर, चराईदेव, जोरहाट और गोलाघाट जिलों में कर्ज लेने वाले ग्राहकों के लिए राहत योजना पर फैसला लिया गया। एसएलबीसी ने इन जिलों के सभी बाढ़ प्रभावित लोगों को छह महीने की मोहलत देने का निर्णय किया है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंक कर्ज लेने वाले ग्राहकों की स्थिति का आकलन करेंगे और यह लाभ केवल बाढ़ प्रभावित लोगों को ही मिलेगा। उन्होंने अन्य लोगों से अपील की कि यदि वे इन चार जिलों में बाढ़ से प्रभावित नहीं हुए हैं तो वे अपनी ईएमआई का भुगतान जारी रखें।

उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों द्वारा लिए गए कर्ज की अवधि को ऋण के प्रकार के आधार पर एक वर्ष से बढ़ाकर सात वर्ष तक किया जा सकता है।

शर्मा ने कहा, ÷कई छोटे खुदरा दुकानदारों ने कर्ज लिया था। अब उनकी दुकानें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और कुछ भी नहीं बचा है। ऐसे दुकानदारों के कर्ज खातों में बैंक बिना किसी गारंटी के अतिरिक्त 10,000 रुपये की राशि उपलब्ध कराएंगे।÷

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ से प्रभावित शिवसागर और चराईदेव जिलों में प्रत्येक नामघर (वैष्णव अनुयायियों का पूजा स्थल) के पुनर्निर्माण के लिए एकमुश्त 1.5 लाख रुपये की सहायता देगी।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# शिक्षा समिति की बैठक में शिक्षा व्यवस्था को लेकर अहम निर्णय

## आधार सुधार शिविर, शिक्षक व्यवस्था, शुल्क राहत और खेलकूद प्रतियोगिता पर बनी सहमति..





जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लाँजी के सभागार में गुरुवार, 30 जुलाई 2026 को शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत लाँजी के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा***

समिति अध्यक्ष अजय अवसरे ने की। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की सुविधाओं और शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा कर कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, जनपद सदस्य गोवर्धन घोरमारे, टुमन घोरमारे, डॉ. श्यामलाल बेदरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद भीमटे, बीआरसी शेवेन्द्र उके, एयूओ, प्राचार्य, जनशिक्षक, लिपिक एवं शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में विद्यार्थियों के आधार कार्ड में सुधार एवं अपडेट की समस्या को देखते हुए जनशिक्षा केंद्र स्तर पर आधार सुधार शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इससे विशेष रूप से 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी। संबल कार्डधारी विद्यार्थियों के लिए नामांकन एवं बोर्ड शुल्क में राहत देने के विषय पर भी चर्चा हुई। जिन पात्र विद्यार्थियों से शुल्क लिया जा चुका है, उनके द्वारा संबल कार्ड प्रस्तुत करने पर निर्धारित नियमों के अनुसार शुल्क वापसी की व्यवस्था पर सहमति बनी। बैठक में विकासखंड की शिक्षक विहीन शालाओं एवं 22 एकल शिक्षक विद्यालयों की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। अन्य विद्यालयों में संलग्न शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजने तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने पर चर्चा हुई।

घोटिघुसमारा माध्यमिक शाला में शौचालय निर्माण तथा हाईस्कूल सावरिखुर्द के लिए वर्ष 2007 से लंबित भवन निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही विद्यालय में शौचालय सुविधा के अभाव और अतिरिक्त कक्षों में संचालित हो रही कक्षाओं की जानकारी भी बैठक में रखी गई। शिक्षा समिति ने सर्वसम्मति से विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के शासकीय एवं अर्धशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थी नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, विद्यालयों की मरम्मत, ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली में आ रही तकनीकी समस्याओं सहित शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षा समिति अध्यक्ष अजय अवसरे ने कहा कि विद्यालयों की वास्तविक समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान करना समिति की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। बैठक शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में प्राचार्य, जनशिक्षक एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुरु की महिमा अपार, जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता, स. शि. म. में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव..








जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश गिरी गोस्वामी प्राचार्य, अध्यक्ष सदरुलाल बोहने***

प्रधानाचार्य, विशिष्ट अतिथि त्र्यंबक भगत वरिष्ठ आचार्य, लेखराम ठाकरे एवं श्रीमती रीना सिसोदिया दीदी मनचासिन थे। अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती, मां भारती एवं महर्षि वेदव्यास जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप ज्योति मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का परिचय कराया गया कु. भावना भोंडेकर बहन के द्वारा अतिथियों का तिलक कर स्वागत किया गया। भैया बहनों के द्वारा गुरु पूर्णिमा के पर्व पर भैया सांई रामटेक्कर ने गीत, कु. मेघा पाचे भाषण एवं कु. भिमेश्वरी ने अंग्रेजी में भाषण, विदया सूर्यकार ने गीत प्रस्तुत किया। श्री ठाकरे जी ने गुरु पूर्णिमा पर अपने विचार रखते हुए कहां की गुरु की महिमा का वर्णन बहुत ही अपार है, उन्होंने महाभारत काल के उदाहरण देकर गुरु पर विस्तार से अपनी बात रखी और कहां की महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना की इन्हें आदि गुरु माना जाता है। आषाढ़ पूर्णिमा के दिन त्यौहार मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से गुरु और शिष्य के संबंध में पवित्र रिश्ता रहा है, गुरु का प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है गुरु अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान रूपी प्रकाश से मार्गदर्शन करके सफलता के पद में आगे अपने शिष्य को बढ़ाता है। गुरु के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना होनी चाहिए। भगत आचार्य जी ने गुरु पूर्णिमा पर अपने विचार रखते हुए कहां की आज हम सभी यहां महर्षि वेदव्यास की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने वेद,पुराण और महाभारत जैसे महान ग्रंथों की रचना की। महर्षि वेदव्यास जी को कृष्ण द्वैपायन भी कहा जाता है। गुरु आपके जीवन में शांति का संचार करता है। ज्ञान के अंधकार को समाप्त करता है,भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से ऊंचा स्थान दिया गया है, क्योंकि वही शिष्य को ईश्वर तक पहुंचाने का मार्ग दिखाता है, श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में गुरु वशिष्ठ का योगदान था।श्री कृष्ण को गुरु सान्दीपनी का योगदान और चंद्रगुप्त मौर्य को चाणक्य का योगदान रहा। गुरु केवल पढ़ाने वाला व्यक्ति ही नहीं बल्कि भविष्य का शिल्पकार है। इसलिए हमेंशा गुरु का सम्मान करना चाहिए। श्री बोहने जी ने भैया बहनों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरुओं ने अपने शिष्यों को ऊंचाई के शिखर तक पहुंचाया है, इसके कई उदाहरण हमको पढ़ने में मिलते हैं। भैया बहनों को उन्होंने एक मार्मिक प्रसंग भी सुनाया और कहा कि हमें हमेशा गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। गुरुओं के सानिध्य में शिष्य आगे बढ़ता है, यह बात भी उन्होंने बताई। कु. भावना भोंडेकर ने समस्त अतिथि, आचार्य परिवार, भैया बहनों का आभार व्यक्त किया। कु. भीमेश्वरी टिकेश्वर बहन ने मंच संचालन किया और भैया बहनों की ओर से आचार्य परिवार को श्रीफल भेंट किया गया।

# साकेत आईटीआई में गुरु वंदन एवं वृक्षारोपण का आयोजन..




जगप्रेरणा लांजी।

***सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सकेत प्राइवेट आईटीआई, दुलापुर (लांजी) में गुरु पूर्णिमा के***

पावन अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरुपर्व का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गुरुजनों के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर तथा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। संस्था के प्राचार्य कैलाश नाकतोड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरु के महत्व एवं भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुओं के बताए मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संस्था परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नीम, आजन एवं गुलमोहर सहित विभिन्न छायादार पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में अभय आसटकर, अनमोल खरगाल, मालनबाई ठाकरे, धनेश्वरी नारनारे सहित प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। साथ ही आसपास के ग्रामों के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# आदिकाल से भारत में है गुरु शिष्य परम्परा..



## शासकीय महाविद्यालय में आस्था से मनाई गुरु पूर्णिमा..

जगप्रेरणा लांजी।

***महाविद्यालय में म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 29 जुलाई को गुरूपूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम के शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया तत्पश्चात् छात्र-छात्राओं द्वारा गुरूओं का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को गुरूपूर्णिमा के पर्व पर गुरू-शिष्य मर्यादा परम्परा पर व्याख्यान किया गया साथ ही सभी शैक्षणिक स्टॉफने बारी-बारी से भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। और सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

इसी बीच छात्र-छात्राओं द्वारा गीत-भाषण भी प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टॉफ व महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो
के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433

# बोल बम के जयकारों के साथ 3 को होगी पहली कांवड़ यात्रा






जगप्रेरणा लांजी।

श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान शिव की आराधना के लिए बोल बम सेवा समिति द्वारा आयोजित पारंपरिक कांवड़ यात्रा का पहला जत्था श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना होगा। श्रद्धालु छोटी बाघ नदी के उद्गम स्थल चहेली सीतापाला से पवित्र जल लेकर लगभग 42 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा करते हुए बाबा कोटेश्वरनाथ धाम, लांजी पहुंचेंगे, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख, समृद्धि और लोककल्याण की कामना करेंगे। यह धार्मिक यात्रा क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। लगातार 27 वर्षों से बोल बम सेवा समिति इस कांवड़ यात्रा का आयोजन कर रही है। हर वर्ष बड़ी संख्या में शिवभक्त 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ यात्रा में शामिल होकर अपनी अटूट श्रद्धा का परिचय देते हैं। यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए बोल बम सेवा समिति के सदस्य पूरी यात्रा के दौरान सेवा भाव से जुटे रहते हैं। मार्ग में कांवड़ यात्रियों के लिए पेयजल, प्राथमिक उपचार, जल पान स्वल्पाहार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके साथ ही अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा भावी संस्थाओं के सदस्य भी शिवभक्तों की सेवा में अपना योगदान देते हैं। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कांवड़ यात्रा में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन, और सामाजिक एकता का भी संदेश देती है। श्रावण मास में आयोजित यह ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण का संचार करती है।

# रैन..रैन..रेनी डे..भारत माता पब्लिक स्कूल में प्रकृति और रंगों के साथ मनाया रेनी डे..



जगप्रेरणा लांजी।

***भारत माता पब्लिक स्कूल (बीएमपीएस), लांजी में नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए 'रेनी डे' का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।***

रंगों, रचनात्मकता और सीख से भरपूर इस आयोजन ने बच्चों को वर्षा ऋतु के महत्व से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें आनंददायक अनुभव भी प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान नन्हे विद्यार्थी आकर्षक रंग-बिरंगे परिधानों, मनमोहक रेनकोट और रंगीन छातों के साथ विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने इंद्रधनुष, बादल, वर्षा की बूंदों तथा वर्षा ऋतु से संबंधित विभिन्न विषयों पर सुंदर हस्तनिर्मित मॉडल एवं कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। उनकी मासूम मुस्कान और उत्साह से विद्यालय परिसर आनंदमय वातावरण से सराबोर हो उठा।

रेनी डे के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए गीत, कविताएँ, मनोरंजक गतिविधियाँ तथा सहभागिता आधारित कक्षागत सत्र आयोजित किए गए। शिक्षकों ने बच्चों को उत्साहपूर्वक प्रत्येक गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, जिससे कार्यक्रम मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक भी बन गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने सरल एवं रोचक तरीके से वर्षा ऋतु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्षा प्रकृति का अनमोल उपहार है, जो मानव जीवन, पशु-पक्षियों और वनस्पतियों के लिए जल का प्रमुख स्रोत है। बच्चों को यह भी समझाया गया कि वर्षा किसानों की खेती और फसलों के लिए कितनी आवश्यक है तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए शिक्षकों के समर्पण एवं रचनात्मक प्रयासों की सराहना की तथा अभिभावकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण की भावना तथा आनंदपूर्ण शिक्षण का विकास करना रहा, जिसमें विद्यालय को पूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

# आदिकाल से भारत में है गुरु शिष्य परम्परा, शासकीय महाविद्यालय में आस्था से मनाई गई गुरु पूर्णिमा..






जगप्रेरणा लांजी।

***मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग एवं कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल के आदेशानुसार 29 जुलाई 2026 को शासकीय महाविद्यालय, लांजी में भारतीय ज्ञान परंपरा***

प्रकोष्ठ के अंतर्गत महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व (गुरुपूर्णिमा) का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित करने हेतु अनेक कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मकता और विद्या के प्रकाश से भर दिया। इस गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती शशि मडामे और विशेष अतिथि के रूप में के. के. भालाधारे उपस्थित रहे। महाविद्यालय के स्टाफद्वारा अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया और उन्हें प्रतीक स्वरूप फ्ल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया, जो गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने की हमारी संस्कृति का परिचायक है।

कार्यक्रम के मुख्य सत्र में अतिथियों ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए गुरुपूर्णिमा के आध्यात्मिक और शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने बताया कि गुरु ही वह प्रकाश पुंज है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर जीवन में सही दिशा प्रदान करता है। इस दौरान के. के. भालाधारे ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए अपनी स्वरचित कविता का भावपूर्ण पाठ किया, जिसे सभी ने सराहा। इसी क्रम में, श्रीमती शशि मडामे ने भी अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विचार व्यक्त किए और कविता के माध्यम से गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौतमा कठाने ने आशीर्वचन प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हर वह व्यक्ति गुरु है जो समय-समय पर हमें सीख देता है और हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करता है। कार्यक्रम का सफ्लता पूर्वक संचालन महेंद्र कुमार तलवरे सहायक प्राध्यापक (हिंदी) ने किया। विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। अंत में संयोजक नोडल अधिकारी डॉ कांता वर्मा द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और विधिवत रूप से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। यह कार्यक्रम न केवल ज्ञान परंपरा का सम्मान था, बल्कि गुरु-शिष्य के अटूट बंधन को और अधिक सुदृढ़ करने का एक सार्थक प्रयास भी रहा।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बंजारी घाट में सड़क के गड्ढे ने पलटाया कोयले से लदा ट्रक, बड़ा हादसा टला..



**जगप्रेरणा मंडला/ बिछिया।**

***राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर स्थित बंजारी घाट में गुरुवार सुबह सड़क पर बने गहरे गड्ढे के कारण कोयले से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक में लदा कोयला सड़क पर बिखर गया, जिससे कई घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। चालक और परिचालक को मामूली चोटें आई हैं। समय रहते राहत एवं बचाव कार्य शुरू होने से बड़ा हादसा टल गया।***

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे रायपुर की ओर से आ रहा कोयले से लदा ट्रक बंजारी घाट में सड़क पर बने बड़े गड्ढे से गुजरते समय असंतुलित हो गया और पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरा कोयला सड़क पर फैल गया, जिससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया पुलिस, एफआरवी तथा हाईवे हेल्पलाइन की टीम मौके पर पहुंची।

घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके बाद पुलिस और हाईवे कर्मियों ने संयुक्त रूप से सड़क पर बिखरे कोयले तथा क्षतिग्रस्त ट्रक को हटाने का कार्य शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद यातायात को पुनः सुचारु कराया गया। स्थानीय निवासी मोंटू खान ने बताया कि बंजारी घाट क्षेत्र में सड़क धंसने से लंबे समय से बड़ा गड्ढा बना हुआ है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि यदि हादसे के समय आसपास अन्य वाहन होते, तो बड़ी जनहानि हो सकती थी।

बिछिया थाना प्रभारी रंजीत सैयाम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सड़क पर बने गड्ढे के कारण ट्रक के अनियंत्रित होकर पलटने की बात सामने आई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए ट्रक को सड़क किनारे हटवाया और राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर यातायात बहाल कराया।

### सड़क की बदहाली पर उठे सवाल..

इस हादसे के बाद एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के बंजारी घाट की जर्जर सड़क व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घाट क्षेत्र में बने गहरे गड्ढों की समय पर मरम्मत नहीं होने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## मंडला में मेडिकल स्टोर्स पर सख्ती

# 02 दुकानें अस्थायी रूप से की गई बंद, एक को कारण बताओ नोटिस..






**जगप्रेरणा मंडला।**

***जिले में औषधियों की बिक्री व्यवस्था को नियमों के अनुरूप बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल स्टोर्स का सघन निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान दो मेडिकल स्टोर्स में पंजीकृत***

फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिलने पर उन्हें अस्थायी रूप से बंद करा दिया गया, जबकि एक अन्य मेडिकल स्टोर को अनियमितताओं के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक सुश्री वैष्णवी तलवारे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया।

इस दौरान औषधियों के भंडारण एवं विक्रय व्यवस्था, आवश्यक अभिलेखों के संधारण, अनुज्ञप्ति की शर्तों तथा औषधि संबंधी नियमों के पालन की जांच की गई। निरीक्षण में मेसर्स न्यू ठाकुर मेडिकल स्टोर तथा मेसर्स मां मेडिकल स्टोर में पंजीकृत फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। नियमानुसार दोनों प्रतिष्ठानों में दवाओं के क्रय-विक्रय पर तत्काल रोक लगाते हुए पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति सुनिश्चित होने तक दुकानें बंद करा दी गईं। वहीं मेसर्स आस्था मेडिकल स्टोर में निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में अनुज्ञापन प्राधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संबंधित अनुज्ञप्तिधारी को सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कल्पतरु विद्यापीठ महाराजपुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा..



**जगप्रेरणा मंडला।**

***उपनगर महाराजपुर स्थित कल्पतरु विद्यापीठ विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक, पुष्प एवं सम्मान कर भारतीय***

गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य परसराम रजक ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और अनुशासन का महत्व समझाते हुए गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भजन, प्रेरक गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन शिक्षक नीरज कांड्रा ने किया। अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से श्लोक वाचन किया। शाला शिक्षिका शिखा रघुवंशी ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों ममता रजक, गौरांग रजक, नीरज कांड्रा, शिखा रघुवंशी, कल्पना यादव, मीनाक्षी नामदेव, बबली बी., सृष्टि यादव, निकिता धनगर, महिमा सैयाम एवं शांति गोप सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान, संस्कार और शिक्षा के मूल्यों को जीवन में आत्मसात कर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिलाया।

# डायरिया रोको अभियान : 50 पंचायतों के प्रतिनिधियों को जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण

### सुरक्षित पेयजल और जलजनित रोगों की रोकथाम पर दिया गया जोर..






**जगप्रेरणा मंडला।**

***डायरिया रोको अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग, खंड मंडला द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष, नारायणगंज में जल गुणवत्ता परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम***

जनपद पंचायत नारायणगंज की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती दीप्ति यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला में 50 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को पेयजल की गुणवत्ता जांच की विभिन्न वैज्ञानिक विधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

विशेषज्ञों ने जल के रंग, गंध और स्वाद की प्राथमिक जांच के साथ एच-2-एस वॉयल्स के माध्यम से जीवाणु परीक्षण तथा फील्ड टेस्ट किट से पीएच, क्लोराइड, फ्लोराइड, आयरन, क्लोरीन, नाइट्रेट, अमोनिया, अल्कालिनिटी, टर्बिडिटी एवं हार्डनेस सहित 10 प्रमुख रासायनिक तत्वों की जांच की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान जल उपचार की विधियों का भी प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि जल स्रोतों की नियमित जांच, स्वच्छता बनाए रखना तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना डायरिया सहित अन्य जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर जल गुणवत्ता परीक्षण कराने और लोगों को स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यशाला में पंचायत इंस्पेक्टर श्री के.के. पटेल, उपयंत्री श्री मुकेश दोहरे, समन्वयक क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण श्री उमागणेश लोधी, हैंडपंप टेक्नीशियन श्री दीपक नागेश्वर सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नशा नहीं, पढ़ाई और खेलों का हो जुनून: मंत्री संपतिया उइके

### नशामुक्ति पखवाड़े का समापन, कलेक्टर बोले- यह अंत नहीं, नए संकल्प की शुरुआत..









**जगप्रेरणा मंडला।**

***पुलिस विभाग द्वारा चलाए गए 'नशे से दूरी है जरूरी' नशामुक्ति जागरूकता पखवाड़े का समापन शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और***

सकारात्मक कार्यों को जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। वहीं कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने इसे नशामुक्त मंडला के नए संकल्प की शुरुआत बताया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि पुलिस विभाग ने नशामुक्ति अभियान को जिले के दूरस्थ और आंतरिक क्षेत्रों तक पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को सम्मान नहीं, बल्कि अपमान की ओर ले जाता है।

यदि किसी चीज का जुनून होना चाहिए तो वह पढ़ाई, खेल और अच्छे कार्यों का होना चाहिए। उन्होंने अभियान के दौरान खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों और युवाओं की भी सराहना करते हुए कहा कि मंडला की खेल प्रतिभाएं लगातार प्रदेश और देश में पहचान बना रही हैं। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने उपस्थित लोगों को स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से अपने गांव और मोहल्लों में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने और कम से कम 10 लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल अभियान का समापन नहीं, बल्कि नशामुक्त समाज के निर्माण की नई शुरुआत है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। इसी उद्देश्य से नशामुक्ति अभियान के दौरान कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, ताकि युवा नशे से दूर रहकर खेलों की ओर आकर्षित हों। उन्होंने विश्वास जताया कि अभियान के दौरान लिया गया नशामुक्ति का संकल्प सभी लोग अपने जीवन में निभाएंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले 15 दिनों में जिलेभर में रैलियां, नुक्कड़ नाटक, खेल प्रतियोगिताएं और जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हजारों लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया गया।

समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति ने भी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में बीजाडांडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए घुघरी को 40-16 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

### हाट-बाजारों में पहुंचा वित्तीय साक्षरता अभियान, साइबर सुरक्षा का दिया संदेश

**जगप्रेरणा मंडला।**

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मंडला के सहयोग से समर्पित संस्था मंडला द्वारा ग्रामीण अंचलों में वित्तीय साक्षरता अभियान चलाते हुए संस्था की टीम गांवों और हाट-बाजारों में पहुंचकर बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन देन तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। समर्पित संस्था सीएफएल की क्षेत्रीय अधिकारी लक्ष्मी पटेल के मार्गदर्शन में ब्लॉक काउंसलर श्री नरेश गायकवाल (मवई), श्री सुनील मोंगरे (नारायणगंज), श्री जोन्सन जॉय (बीजाडांडी) एवं श्री मनीष सिंगोर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अभियान के दौरान ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग का सुरक्षित उपयोग, यूपीआई एवं ऑनलाइन लेन देन में बरती जाने वाली सावधानियां संहित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है।

# डीईओ का औचक निरीक्षण: शिक्षा गुणवत्ता और प्रोजेक्ट संकल्प की समीक्षा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश..



**जगप्रेरणा मंडला।** जिले में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े ने शुक्रवार को बिछिया एवं मवई विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शत-प्रतिशत नामांकन सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। डीईओ ने बिछिया विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल कोको तथा मवई विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल धनगांव, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल मवई, शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल मवई एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास मवई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, साइकिल एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण तथा अपार आईडी जनरेशन की प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने एवं प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट संकल्प के तहत शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल मवई में आयोजित मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया गया। वहीं शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल मवई में जीव विज्ञान विषय के शैक्षणिक वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई कराई जाती मिली, जिसकी डीईओ ने सराहना की। निरीक्षण के दौरान प्रार्थना सभा में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्रीमती वरकड़े ने नियमित अध्ययन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास पर जोर देते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों से भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करने की अपेक्षा व्यक्त की।

# बांस शिल्प प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता का संदेश, प्रतिभागियों को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित..



**जगप्रेरणा मंडला।**

***जन शिक्षण संस्थान मंडला के अंतर्गत संचालित जनजातीय कौशल केन्द्र द्वारा विकासखंड बिछिया के ग्राम ककैया (खुर्शी टोला) में बांस शिल्प प्रशिक्षण का परिचयात्मक सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कौशल विकास, स्वरोजगार के अवसरों और प्रशिक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में***

जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण युवाओं और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर इसे रोजगार और स्वरोजगार का माध्यम बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी जनजातीय कौशल केन्द्र युगल प्रकाश द्विवेदी ने प्रशिक्षण की रूपरेखा, अनुशासन और नियमित उपस्थिति के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रशिक्षण की सफलता प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता पर निर्भर करती है।

प्रशिक्षक मनेश कुशराम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण केन्द्र की गतिविधियों और बांस शिल्प प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम के अंत में सहायक कार्यक्रम अधिकारी नगमा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री वितरित की। यह प्रशिक्षण ग्रामीण एवं जनजातीय युवाओं को पारंपरिक बांस शिल्प से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## संत श्री लहरी बाबा आश्रम संस्थान (मध्यकाशी)..

# कामठा में श्रद्धा के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व..

### महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ से हज़ारों भक्त शामिल हुए..








जगप्रेरणा गोंदिया।

*श्री लहरी बाबा आश्रम संस्थान (मध्यकाशी), कामठा में गुरु पूर्णिमा का उत्सव धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया, संस्थान के अध्यक्ष संत श्री तुकड़्या बाबा की प्रमुख उपस्थिति में धार्मिक भजन , सत्संग, कीर्तन के कार्यक्रम*

आयोजित किए गए। पूरे महाराष्ट्र के साथ ही पड़ोसी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य से हज़ारों भक्तों और अनुयायियों ने इसमें हिस्सा लिया। आयोजन की शुरुआत संत श्री लहरी बाबा की मूर्ति के अभिषेक एवं पूजा से की गई, समाधि स्थल को खूबसूरती से सजाया गया था। भक्तों ने प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मशहूर भजन गायक तुलसी पंचेश्वर और उनकी टीम ने संत श्री लहरी बाबा के भजन एवं कीर्तन पेश किए। सभा को संबोधित करते हुए संत तुकड़्या बाबा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का गुरु शिष्य परंपरा में खास महत्व है।

बाबा ने कहा, 'हिंदू धर्मग्रंथों में गुरु को साक्षात् सगुण परब्रह्म' माना गया है और गुरु का कर्तव्य है कि वह अंधकार को दूर करे और शिष्यों और समाज को सही रास्ता दिखाए। गुरु में 'गु' का मतलब अंधकार है और 'रु' का मतलब है उसे दूर करने वाला। उन्होंने भक्तों से कहा कि उनका मुख्य काम बाहरी दुनिया को बदलना नहीं है, बल्कि भक्त के अंदर छिपे अज्ञान के अंधकार को दूर करना और ज्ञान का दीपक जलाना है। उन्होंने समझाया कि जब तक मन में 'मैं' और 'मेरा' (अहंकार) की भावना बनी रहती है, तब तक कृपा नहीं मिल सकती।

अहंकार को छोड़ने और विनम्र बनने से ही जीवन में दिव्यता आती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता ही 'मोक्ष' का एकमात्र रास्ता है और लोगों को अपनी धार्मिक विरासत को बचाने की कोशिश करनी चाहिए। बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की लाइन लगी रही।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुशीलाताई गोपालबाबा खरकाटे़ नानासाहेब गौरखेड़े, मुन्नालाल अग्रवाल, रामकृष्ण वाघाड़े, विठ्ठल भरणे, डॉ. संजय दानव, सुनील कुरमभट्टी गोपीचंद बलवानी़जे बी दहीकर, प्रकाश अडाऊ, अरुण मते, सूर्यकांत श्रोते, मुरलीधर वंजारी़संजय तपासे़संस्था के सचिव गोविंद मेश्राम, सहसचिव विजय सातपुडे़कोषाध्यक्ष गोपाल मते, समरित, ट्रस्ट बोर्ड के एड. संजय धोटे, नंदकिशोर शहारे, अस्सवेशन राउत, संजय तराल, एड. अनिल ठाकरे़ दीपक कुंदनानी़ जयंत खरकटे़ अपूर्व मेठी, पुरुषोत्तम भैसवार, रामनारायण सोनी, एड. बालकृष्ण खरकाटे, शंकरलाल कुंदनानी, राधेश्याम सिंगनधुपे, देवीराम माने, गोविंद बारापात्रे, राठौड़, विजू तराल, संजू कुंदनानी, जितेंद्र लिल्हारे, विवेकानंद खरकाटे, डॉ. मंगेश भालोटिया, अविनाश टेम्भरे, भारती कुरमभट्टी, अपूर्वा गौरखेड़े, लीला लिल्हारे, प्रशांत मेंढे, लहरी युवा मंच के विकास राजुरकर, मोहन गौरखेड़े, अविनाश चौधरी, विजय खोके, अरुण हाडगे, संदीप हाडगे, श्यामा वाघाड़े, विक्की कुंदनानी, राजू खैरवार, साक्षी अग्रवाल, मीरा खैरवार, कल्पना खरकाटे, चेतना खरकाटे, सोनल कुरमभट्टी, नित्या माने और कई अन्य भक्त मौजूद थे।

संजय तराल और संजय दानव ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया।

# 'नमस्ते' स्कीम के ज़रिए आमगांव के सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा कवच, नगर परिषद ने पीपीई किट बांटी..

### स्वच्छ भारत मिशन को मज़बूत करना, सुरक्षा हेलमेट, रिफ्लेक्टर जैकेट, रेनकोट समेत सुरक्षा उपकरणों का वितरण: शुभम मेश्राम, तनवीर सादिक और रामेश्वर श्रीभद्रे की मौजूदगी




जगप्रेरणा आमगांव।

शहर की सफ़ाई, सेहत और पर्यावरण को बनाए रखने के लिए दिन-रात काम करने वाले सफ़ाई कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, आमगांव नगर परिषद के सफ़ाई विभाग ने केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन और 'नमस्ते' (नेशनल एक्शन फ़ॉर मैकेनाइज़्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम - NAMASTE) स्कीम के तहत शहर के सफ़ाई कर्मचारियों को पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई किट) बांटे। इस पहल ने सफ़ाई कर्मचारियों के सुरक्षित, सम्मानजनक और मशीन से काम करने के तरीकों को नई ताकत दी है। केंद्र सरकार के हाउसिंग और अर्बन अफेयर्स मिनिस्ट्री और सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट मिनिस्ट्री द्वारा मिलकर लागू की गई 'नमस्ते' स्कीम का मुख्य मकसद सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को मॉडर्न टेक्नोलॉजी की मदद से सुरक्षित काम करने का माहौल देना, उनकी हेल्थ की सुरक्षा करना और काम पर रिस्क कम करना है। सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ-साथ सफाई कर्मचारियों के सम्मान को केंद्र में रखने वाली यह स्कीम पूरे देश में असरदार तरीके से लागू की जा रही है। इस पहल के तहत, सफाई कर्मचारियों को सेफ्टी हेलमेट, रिफ्लेक्टर जैकेट, रेनकोट और दूसरे ज़रूरी पर्सनल सेफ्टी इक्विपमेंट दिए गए। खासकर बारिश के मौसम और खराब मौसम में सफाई सेवाएं देते समय, ये उपकरण उनके लिए सुरक्षा कवच का काम करेंगे और सुरक्षित रूप से अपना काम करने में बहुत मदद करेंगे। उम्मीद जताई गई कि इससे उनकी स्वास्थ्य और सुरक्षा और मजबूत होगी। पीपीई किट बांटने के कार्यक्रम में सफाई विभाग के प्रमुख शुभम मेश्राम,शहर समन्वयक तनवीर सादिक और सफाई निरीक्षक रामेश्वर श्रीभद्रे शामिल हुए। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों से बांटे गए सुरक्षा साहित्य का नियमित और सख्ती से इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने सभी से 'साफ़ सुरक्षित और स्वस्थ आमगांव' बनाने के लिए ज़्यादा ज़िम्मेदारी, अनुशासन और सेवा के साथ काम करने की अपील भी की। नगर परिषद आमगांव सफ़ाई कर्मचारियों की सुरक्षा को सबसे ज़्यादा प्राथमिकता दे रही है और इस तरह की भलाई की गतिविधियाँ लगातार चलाई जा रही हैं। इस मौके पर यह साफ़ किया गया कि सफ़ाई कर्मचारियों का सम्मान, सुरक्षा और सेहत को बढ़ावा देना नगर परिषद का वादा है, साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्यों को भी अच्छे से लागू किया जा रहा है। शहर को साफ़रखने में योगदान देने वाले हर सफ़ाई कर्मचारी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा गया कि उनके सुरक्षित हाथों की वजह से ही एक साफ़ सुंदर और स्वस्थ आमगांव ज़्यादा अच्छे से बन रहा है।

## चायनिज बनाकर देने के बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/7/2026 के रात 10 बजे तिरोडा मे फर्यादी और उसका भाई चायनिज खाने के लिये गये। दुकानदार को चायनीज बनाने के लिये कहा दुकानदार ने कहा पुराने पैसे तुम्हारे उपर है दो फर्यादी के भाई ने कहा जो भी पैसे है मै दे देता हु, तो आरोपी ने कहा तु क्यो देगा जिसने खाया है वही देगा बोलकर गाली-गलौच की और कवचे से फर्यादी के हाथ और आंख पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 721/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा नामुर्ते 1194 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### तुने मेरे बोरवेल का पाईप क्यो निकाला बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/7/2025 के शाम 5 बजे के दरम्यान नंगपुरा मे फर्यादी अनिल चुन्नीलाल रहांगडाले उम्र 32 वर्ष निवासी नंगपुरा आमगांव अपने घर पर थे जहां आरोपी ने आकर कहा तुने मेरे बोरवेल का पाईप क्यो निकाला बोलकर गालीगलोच की और कुन्डी से सरपर मारकर जख्मी कर जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 503/2026 धारा 118, 1, 351, 3, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा चौधरी पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### रॉंग साईड चलाकर ट्रेलर ने मारी ठोस मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/ 7/ 2026 के 8 बजे के दरम्यान कोहमारा मे फर्यादी मुकेश शिवराज राठोर उम्र 40 वर्ष निवासी सिंदोडा के वाहन को आरोपी ने अपना ट्रेलर वाहन क्रमांक एम एच 40 ए के 2557 वाहन लापरवाहीसे चलाकर रॉंग साईड से आकर फर्यादी के वाहन को ठोस मारी कंडक्टर को गंभीर चोट लगने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 356/2026 धारा 281,125, अ, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गुनवंत कठाणे पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### एक्सीडेंट मे जख्मी हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/ 7/ 2026 के 11 बजे के दरम्यान चेतन श्रीराम खोब्रागडे उम्र 27 वर्ष निवासी सड़क अर्जुनी का पांढरी मे एक्सिडेंट हुवा उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल पांढरी ले गये जहां प्राथमिक उपचार कर केटीएस अस्पताल रेफर किया गया। केटीएस अस्पताल मे उपचार के समय उसकी मौत हो गई। डाक्टर के मेमो और मर्ग के कागजपत्र पोस्टे डुग्गीपार मे प्राप्त होने से पोस्टे डुग्गीपार मे अकस्मात मौत क्रमांक 32/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा प्रल्हाद खोटेले पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

# देवरी के उत्थान मतिमंद विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्साह के साथ मनाई गई




जगप्रेरणा देवरी।

स्थानीय उत्थान मतिमंद विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का त्योहार अत्यंत उत्साहपूर्ण और भावुक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मतिमंद बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति आदर, कृतज्ञता और प्रेम व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत आद्यगुरु महर्षि व्यास और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों के लिए विशेष प्रार्थना प्रस्तुत की। विशेष बच्चों की इस निष्पाप प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया।

विद्यालय के छात्रों ने अपने प्रिय शिक्षकों को अपने हाथों से बनाए हुए ग्रीटिंग कार्ड और गुलदस्ते (पुष्पगुच्छ) देकर उनका सम्मान किया। बोलने या व्यक्त होने में आने वाली बाधाओं पर विजय पाते हुए, बच्चों ने स्पर्श, मुस्कान और अपने निश्छल हाव-भाव से जो उपहार दिया, वह शिक्षकों के लिए अत्यंत भावुक कर देने वाला था। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका धनश्री तिवलकर ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा, 'दिव्यांग बच्चों के साथ काम करना केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह एक साधना है। इन बच्चों के जीवन में रोशनी की किरणें फैलाना और उन्हें समाज में आत्मनिर्भर होकर जीने के लिए सक्षम बनाना ही हमारा सच्चा गुरुधर्म है। बच्चों ने आज जो प्रेम दिखाया है, वही हमारे कार्य का वास्तविक फल है।'

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए कुछ सरल खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया था। सभी विद्यार्थियों ने इसमें खुशी-खुशी भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को जलपान (अल्पाहार) वितरित किया गया।

इस समारोह में उत्थान विद्यालय की प्राचार्या धनश्री तिवलकर, संगीता राणे, सागर मेश्राम, रोहन राठौड़, प्रतीक तिवलकर, मूलचंद मोहबे, भारती शिंदे सहित अभिभावक और स्थानीय नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यालय के कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की।

# सद्‌गुरु ऋतेश्वर महाराज का देवरी में भव्य स्वागत,भक्तों की उमड़ी भारी भीड़



जगप्रेरणा देवरी।

*यहाँ प्रसिद्ध भारतीय आध्यात्मिक गुरु और प्रेरक वक्ता पूज्य ऋतेश्वरजी महाराज के आगमन पर देवरी शहर में उनका अत्यंत*

उत्साहजनक और भावुक माहौल में भव्य स्वागत किया गया। महाराज के दर्शन और आशीर्वाद पाने के लिए स्थानीय नागरिकों और भक्तों की सड़कों के दोनों ओर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रायपुर से नागपुर जाते समय कांग्रेस के गुट नेता शैंकी भाटिया के आग्रह पर ऋतेश्वर महाराज का वाहन देवरी में सागर टायर के सामने कुछ मिनटों के लिए रुका। देवरी की सीमा पर पहुँचते ही विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों की ओर से महाराज पर पुष्पवर्षा की गई, जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा और आतिशबाजी की गई। भक्तों के इस अपार भाव और भक्ति को देखकर ऋतेश्वर महाराज ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी को अपना आशीर्वाद दिया। देवरी शहर की जनता इस भक्तिमय वातावरण से अभिभूत नजर आई। इस अवसर पर प्रीतमसिंहजी भाटिया, अंशुल अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, विलास शिंदे, आशु अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मनोज पनपालिया, अमित तरजुले, किशोर येणप्रेडीवार, मुन्ना जोशी, रिचा भाटिया, श्रीराम अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, संपत अग्रवाल, साथ ही अग्रवाल समाज की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# के. के. इंग्लिश प्राइमरी स्कूल आमगांव में गुरुपूर्णिमा उत्साह से मनाई गई..





जगप्रेरणा आमगांव।

*के.के.इंग्लिश प्राइमरी स्कूल में प्रधानध्यापका रीना भुते की मौजूदगी में गुरुपूर्णिमा बड़े जोश के साथ मनाई गई कार्यक्रम के दौरान प्रधानाधिपिका श्रीमती रीना भुते, शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी और सभी छात्र छात्रा मौजूद थे।*

कार्यक्रम को शिक्षका कल्पना चूटे और अर्चना ठाकरे ने संचालित किया। प्रोग्राम की शुरुआत प्रधानधिपिका रीना भुते ने माता शारदा और गुरुचरण को फूल चढ़ाकर और दीया जलाकर की।

उसके बाद, छात्र छात्रा ने बहुत ही खूबसूरत तरीके से अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिसमें दिखाया गया कि गुरु हमारी ज़िंदगी में कितना ज़रूरी है और गुरु के बिना हमारी ज़िंदगी में अंधेरा है, हमारी ज़िंदगी में रोशनी नहीं आ सकती। साथ ही, श्रीमती रीना भुते ने अपनी संबोधन से छात्र छात्रा को यकीन दिलाया कि गुरु की जगह कितनी कीमती है और वह भगवान से भी बड़ा है।

इसी तरह, लेखा गायधने ने भी अपनी संबोधन से उन्हें गुरु की अहमियत और जगह के बारे में मार्गदर्शन किया। आखिर में, शिक्षका सीमा चंद्रिकापुरे ने आभार माना और प्रसाद बांटकर वितरण की गई।

# सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक विद्यालय, तिरोड़ा में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ..





जगप्रेरणा तिरोड़ा।

*सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक विद्यालय, तिरोड़ा में दिनांक 29-07-2026, बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया।*

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालकों तथा समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में महर्षि वेदव्यास, माँ सरस्वती तथा गुरुओं के पूजन एवं माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात कक्षा नर्सरी से सातवीं तक के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न वेशभूषाओं में आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए गए। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने गुरु के महत्व को दर्शाने वाला सुंदर नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती लक्ष्मी कटरे एवं श्री प्रिया कावळे ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में गुरु के जीवन में स्थान और महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आभार श्रीमती अर्चना जांबुलकर मैडम ने की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए श्रीमती निशा ढबाले, श्री सुशमा देशमुख, श्रीमती मनीषा कांबले, श्रीमती सरीता सपाटे, कु. त्रिवेणी भोंडे, कु. कल्पना राऊत, श्रीमती राजश्री चौधरी तथा श्री. अमोल कोटांगले सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया।

# जनगणना कार्य का मानधन तत्काल जारी करने की मांग..

### शिक्षक सहित अन्य कर्मचारीयो ने की जिला प्रशासन से मांग..

जगप्रेरणा सालेकसा।

गोंदिया जिले में जनगणना कार्य में सहभागी शिक्षकों के लंबित मानधन का तत्काल भुगतान करने की मांग जिला प्रशासन से जनगणना में कार्य करने वाले कर्मचारियों ने की है। जिले के अनेक शिक्षकों ने तथा अन्य कर्मचारीयो ने शासन के निर्देशानुसार जनगणना का कार्य समय पर एवं जिम्मेदारीपूर्वक पूर्ण किया। कार्य के दौरान यदि कहीं तकनीकी अथवा जानकारी संबंधी छोटी-मोटी त्रुटियां हुई, तो उनका नियमानुसार स्पष्टीकरण एवं आवश्यक दस्तावेज भी संबंधित कार्यालय में जमा किए गए हैं। इसके बावजूद जनगणना कार्य पूर्ण होने के काफी समय बाद भी संबंधित शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का मानधन अभी तक जारी नहीं किया गया है, जिससे शिक्षकोंतथा अन्य कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। शिक्षको तथा अन्य कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनगणना कार्य में सहभागी सभी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का लंबित मानधन बिना किसी विलंब के तत्काल जारी किया जाए तथा संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शिक्षक और अन्य कर्मचारियों ने आशा व्यक्त की है कि जिला प्रशासन शिक्षकों की इस न्यायोचित मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए जल्द से जल्द मानधन वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## 02 अंतर्राज्यीय शातिर चोरों को पकड़कर

# गोंदिया पुलिस ने किया 09 चोरियों का खुलासा, 3.83 लाख का माल किया जब्त..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले की स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) एवं आमगांव पुलिस स्टेशन की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमरगांव, सालेकसा एवं रावणवाड़ी थाना क्षेत्रों में हुई कुल 9 चोरी की वारदातों का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 लाख 83 हजार 835 रुपये मूल्य का चोरी का माल बरामद किया है।***

पुलिस के अनुसार, 6 जुलाई 2026 को आमगांव के बनिया मोहल्ला निवासी दिनेश कुमार देवीकुमार शर्मा (56 वर्ष) ने आमगांव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 28 जून से 6 जुलाई के बीच अज्ञात चोरों ने उनके खेत स्थित टीन शेड का ताला तोड़कर वहां रखी एचएफडीलक्स मोटरसाइकिल, लोहे के केसिंग पाइप, ट्रक की बैटरी एवं बोरिंग के 20 लोहे के बिट सहित 2 लाख 4 हजार 840 रुपये का सामान चोरी कर लिया। इस मामले में आमगांव पुलिस ने अपराध क्रमांक 471/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए), 331(3) एवं 331(4) के तहत मामला कायम किया। इसके बाद 20 और 21 जुलाई 2026 की रात आमगांव के गांधी चौक स्थित नॉवेल्टी क्लॉथ स्टोर एवं वैरायटी क्लॉथ स्टोर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दोनों दुकानों से 51 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक श्री रेवचंद सिंगनजुडे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि इन वारदातों में धीरज भूषण फुंडे (36 वर्ष) तथा हेमंत भैय्याभाऊ फुंडे (56 वर्ष), दोनों निवासी कालीमाटी, थाना आमगांव अपने अन्य साथियों के साथ शामिल हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 28 जुलाई 2026 को मध्यप्रदेश के सागर जिले में दबिश देकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने आमगांव, सालेकसा एवं रावणवाड़ी थाना क्षेत्रों में हुई चोरियों को स्वीकार किया। उन्होंने कबूल किया कि उन्होंने आमगांव के खेतों में बने टीन शेड, गांधी चौक स्थित दो कपड़ा दुकानों, अंजोरा स्थित स्वास्थ्य केंद्र, सालेकसा क्षेत्र के कावराबांध तथा झालिया गांवों एवं कामठा स्थित बीयर बार सहित विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। कुल 9 चोरी की वारदातों में से 6 मामले अमरगांव, 2 मामले सालेकसा तथा 1 मामला रावणवाड़ी थाना क्षेत्र का है।

### बरामद किया गया सामान

पुलिस ने आरोपियों से लोहे का पानी का मोटर पंप - 28,000 रुपये, बोरिंग के 20 लोहे के बिट - 60,000 रुपये, 26 ब्लैंकेट - 19,340 रुपये, प्लास्टिक तिरपाल का बंडल - 8,000 रुपये, एचपी कंपनी का कंप्यूटर सेट 91,905 रुपये, एचपी कंपनी का लैपटॉप - 22,000 रुपये, नकद राशि - 15,000 रुपये, अंग्रेजी शराब - 99,590 रुपये, एक बैटरी - 5,000 रुपये, एक एचएफडीलक्स मोटरसाइकिल - 35,000 रुपये इस प्रकार कुल 3,83,835 रुपये की नगद व सामग्री जब्त की। आगे की जांच एवं कानूनी कार्रवाई के लिए दोनों आरोपियों को आमगांव पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

### इन अधिकारियों के मार्गदर्शन में हुई कार्रवाई..

यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री अभय डोंगरे के निर्देशन में सम्पन्न हुई। अभियान का नेतृत्व स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक श्री रेवचंद सिंगनजुडे ने किया। इस विशेष अभियान में सहायक पुलिस निरीक्षक अमरदीप खाडे, सहायक फौजदार राजेंद्र मिश्रा, पुलिस हवलदार विद्याप्रसाद ठाकरे, सुबोधकुमार बिसेन, संजय चव्हाण, सुजीत हलमारे, राजकुमार खोटेले, दिक्षितकुमार दमाहे, सोमेंद्रसिंह तुरकर, रियाज शेख, महेश मेहर, इंद्रजीत बिसेन, भोजराज बहेकार, प्रकाश गायधने, हंसराज भांडारकर, छगन विडोले, मुरली पांडे, राम खंडारे तथा आमगांव थाना प्रभारी निरीक्षक श्री नीलकंठ कुकडे, असीम मनियार, दूधराम मेश्राम, चेतन शेंडे, नितिन चोपकर, दिनेश वानखेडे, मिलन मंजुटे, भागवत कोडापे एवं साइबर सेल के सहायक पुलिस निरीक्षक देविदास ठमके, अश्विन वंजारी तथा राधेश्याम कांबले सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 1 और 2 अगस्त को गोंदिया व सड़क अर्जुनी में लगेंगे 'राजस्व जनकल्याण शिविर'..

जगप्रेरणा गोंदिया।

नागरिकों के लंबित राजस्व संबंधी कार्यों का त्वरित निराकरण तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाराष्ट्र शासन के राजस्व एवं वन विभाग द्वारा 22 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक राज्यभर में 'महसूल जनकल्याण शिविर' आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 1 अगस्त (शनिवार) को गोंदिया तथा 2 अगस्त (रविवार) को सड़क अर्जुनी में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा शिविरों के सफल आयोजन के लिए लाभार्थियों की पूर्व जांच, पात्रता सत्यापन तथा आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति का कार्य पहले से ही किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। गोंदिया शहर में यह शिविर 1 अगस्त, शनिवार को जलाराम लॉन्स में आयोजित होगा, जबकि 2 अगस्त, रविवार को सड़क अर्जुनी के आशीर्वाद लॉन में जनकल्याण शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार के 'छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व अभियान' के अंतर्गत आयोजित इन शिविरों के माध्यम से राजस्व विभाग की सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और त्वरित तरीके से आम नागरिकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में नागरिकों को राजस्व संबंधी विभिन्न सेवाएं, संजय गांधी निराधार योजना, श्रावणबाळ योजना, आयुष्मान भारत योजना, वन पट्टों एवं भूमि पट्टों का वितरण सहित कई महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

# गोंदिया जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक आज गोंदिया में..

### विभागीय बैठक लेकर करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा..

### सांसद राजेन्द्र जैन भी रहेंगे बैठक में उपस्थित..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र सरकार के राज्यमंत्री एवं गोंदिया जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक आज 31 जुलाई दिन शुक्रवा र को गोंदिया जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री नाईक विभिन्न विभागों***

की बैठकें लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। पालकमंत्री श्री नाईक के दौरा कार्यक्रम के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री नाईक गुरुवार शाम यवतमाल से नागपुर के लिए रवाना हुए तथा रात्रि विश्राम के लिये वे नागपुर पहुंचे, इसके बाद आज शुक्रवार को सुबह नागपुर से गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1 बजे गोंदिया नगर परिषद के मुख्याधिकारी के साथ श्री नाईक बैठक करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1:30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय स्थित नियोजन भवन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सभी विभाग प्रमुखों तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नगर परिषद सदस्यों के साथ विकास कार्यों को लेकर चर्चा करेंगे। इस बैठक में राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन भी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे पालकमंत्री जिला नियोजन एवं विकास समिति की समीक्षा बैठक में शामिल होकर विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लेंगे। बैठक के उपरांत वे शाम को गोंदिया से यवतमाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# श्रीजीत पाटील और विहान लंजे बने जिला शतरंज चैंपियन..





जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन एवं राष्ट्रसंत बहुउद्देशीय नर्सिंग स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विदर्भ स्तरीय स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में गोंदिया जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट सफलता हासिल की। प्रतियोगिता में हाईस्कूल वर्ग में श्रीजीत पाटील तथा प्राथमिक वर्ग में विहान लंजे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

हाईस्कूल वर्ग में श्रीजीत पाटील ने पहला स्थान प्राप्त करते हुए 2,000 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी अपने नाम की। कनक बागड़े दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 1,500 रुपये, अवधूत मोहतुरे तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें 1,000 रुपये का पुरस्कार मिला। वहीं देवेश पाटल्यागड़े चौथे स्थान पर रहे, जिन्हें 700 रुपये, तथा त्रिस्तन धमगाये ने पांचवां स्थान प्राप्त कर 400 रुपये का पुरस्कार जीता। प्राथमिक वर्ग में विहान लंजे ने प्रथम स्थान हासिल कर 1,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी जीती। भव्य अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें 700 रुपये, अर्णव मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे तथा 500 रुपये, शिवांश गुरुनुले चौथे स्थान पर रहे और 400 रुपये, जबकि तनष्क गोयल पांचवें स्थान पर रहे तथा उन्हें 300 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। आठ वर्ष आयु वर्ग में विवान टहलियानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में कियारा सिरसेंडे विजेता रहीं।

दस वर्ष आयु वर्ग में तनीष चुट्टानी प्रथम स्थान पर रहे तथा बालिका वर्ग में आराध्या ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं 13 वर्ष आयु वर्ग में अक्षत गोयल प्रथम रहे और बालिका वर्ग में आराही जैन विजेता बनीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गोंदिया जिले के चार छात्र श्रीजीत पाटील, भव्य अग्रवाल, अभिषेक मनगाटे एवं विष्णु गुप्ता तथा चार छात्राओं यशा फणिंद्रिस, उर्वी परसार, सांची जांभुलकर एवं ख्याति शुक्ला का चयन महाराष्ट्र राज्य जूनियर शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रतियोगिता के विजेताओं को नगराध्यक्ष श्री सचिन शेंडे, श्रीमती संगीता अशोक गुप्ता, पियूष अग्रवाल, शिखा फुलपगार, डॉ. गायत्री पोपट, आशीष धारणे एवं आर. के. मिश्रा के हाथों पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल दवे ने की। प्रतियोगिता का संचालन मुकेश बरई ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन नियाज शेख ने किया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में श्याम अग्रवाल, डी. बी. चोरे, सुधांशु गायधने, राजकुमार बागड़े, चिराग हट्टीगोरे, आयुष चोरे तथा प्रभाकर पालाड़ूकर का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 170 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन ने सभी विजेताओं एवं चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## जिले में महायुति के 2 राज्यसभा सांसद, 2 वि.प. सदस्य

# और 04 विधायक होने के बावजूद किसानों को धान का बोनस क्यों नहीं? - अमर वराडे

### मुख्यमंत्री की बोनस घोषणा की याद दिलाते हुए कांग्रेस का सवाल; जनप्रतिनिधियों पर किसानों की अनदेखी का आरोप



जगप्रेरणा गोंदिया।

***जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर वराडे ने महायुति सरकार के जनप्रतिनिधियों पर धान उत्पादक किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गोंदिया जिले की पहचान पूरे देश में धान उत्पादक जिले के रूप में है, लेकिन इस वर्ष किसानों को***

धान का बोनस नहीं मिला। जिले में महायुति के दो राज्यसभा सांसद, दो विधान परिषद सदस्य और चार विधायक होने के बावजूद किसानों के इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर किसी ने भी ठोस भूमिका नहीं निभाई। अमर वराडे ने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधि डीपीडीसी निधि, सीमेंट सड़कें, सामुदायिक भवनों और विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगातार प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं। लेकिन जिन किसानों के वोटों के बल पर वे चुनकर आए हैं, उन्हीं किसानों के धान बोनस के मुद्दे पर वे चुप क्यों हैं? अब यही सवाल किसान पूछ रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले गोंदिया में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की थी कि यदि महायुति की सरकार सत्ता में आती है, तो धान बोनस बढ़ाया जाएगा। अमर वराडे ने मांग की कि उस घोषणा को लागू कराने के लिए महायुति के जनप्रतिनिधि सरकार के समक्ष गंभीरता से पैरवी करें।

वराडे ने आगे आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में जिले के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये का निधि लाया गया। विभिन्न सड़कों, भवनों और अन्य विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन किसानों के हित से जुड़े धान बोनस के मुद्दे की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मातोश्री पांधण सड़क योजना सहित विभिन्न योजनाओं के करोड़ों रुपये के कार्यों के लिए जनप्रतिनिधि सक्रिय दिखाई देते हैं, लेकिन किसानों के धान बोनस के लिए उसी स्तर पर आवाज उठाते हुए नजर नहीं आते।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिले के जनप्रतिनिधि अपने राजनीतिक हितों के लिए विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बोलते हैं, लेकिन किसानों के धान बोनस के प्रश्न पर मौन साध लेते हैं। अमर वराडे ने सवाल उठाया कि क्या किसानों के हितों से अधिक ठेकेदारों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है? उन्होंने महायुति के सभी जनप्रतिनिधियों से किसानों के धान बोनस के लिए तत्काल सरकार के समक्ष प्रभावी पैरवी करने की मांग की।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

- सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

# गोंदिया में 'नशा मुक्त युवा विकास भारत' अभियान को मिला उत्साहजनक प्रतिसाद

### एनएमडी कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में युवाओं ने दिया नशामुक्त भारत का संदेश



जगप्रेरणा गोंदिया।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत 'मेरा युवा भारत' (माई भारत) गोंदिया द्वारा जिला स्तरीय 'नशा मुक्त युवा विकास भारत' अभियान का आयोजन गोंदिया स्थित एनएमडी महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएमडी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवींद्र मोहतुरे ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से समाज को नशामुक्त बनाने आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक युवा को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत, गोंदिया के उपसंचालक सौरभ निषाद ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने जानकारी दी कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के बाद इस अभियान का आयोजन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी किया जाएगा। अभियान के तहत नृत्य, संगीत, पथनाट्य, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने कहा कि 'नशा मुक्त युवा विकास भारत' अभियान युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। यह अभियान युवाओं को स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com